(ख) भारत सरकार द्वारा उर्वरकों के सड़क द्वारा परिवहन पर इतनी अधिक राशि व्यय करने के क्या कारण थे ; और

(ग) सड़क तथा रेलों द्वारा उर्वरकों के परिवहन पर प्रति टन तुलनात्मक खर्च कितना आता है ?

खाद्य तथा कृषि मन्त्री (श्री जगजीवन राम) : (क) गत 3 वर्षों की अवधि में उर्वरकों के परिवहन पर व्यय की गयी रकम तथा रेल व सड़क के द्वारा परिवहन पर व्यय की गई रकम निम्न प्रकार है :

	1965-66	1966-67	1967-68
परिवहन व्यय—रेल तथा सड़क	5,58,64,066	5,85,35,850	अभी लेखा तैयार नहीं है
रेल	अलग आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं	4,64,04,579	,,
सड़क	,,	1,21,31,271	,,

(ख) रेल परिवहन की अपर्याप्त उपलब्धि तथा समय-समय पर लगाये जाने वाली आप्रेशनल प्रतिबन्धों और राज्य सरकारों की तुरन्त मांग को दृष्टि में रखते हुए भी, रेलों की क्षमता की अनुपूर्ति के लिए सड़कों द्वारा उर्वरक भेजना, की प्रणाली को अपनाना पड़ा है। इसके अतिरिक्त सड़क परिवहन के अपनाने से आयातित उर्वरकों को बन्दरगाहों से शीघ्र उठाने व उसे शीघ्र ही राज्यों में पहुंचाने के कार्य में काफी सहायता मिली है।

(ग) सड़कों के माध्यम से उर्वरकों के परिवहन का कार्य राज्य सरकारें करती हैं और वे ही ट्रान्सपोर्टरों की दरें निर्धारित करती हैं। ये दरें एक-सी नहीं हैं। प्रायः सड़कों द्वारा परिवहन करने पर 16 पैसे से 20 पैसे प्रति मीटरी टन प्रति किलोमीटर के हिसाब से व्यय होता है जब कि रेल द्वारा एक मीटरी टन भार की ढुलाई पर औसतन 5 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से व्यय होता है।

कृषि स्नातक

8513. **श्री नारायण रेड्डी :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में प्रतिवर्ष देश के विभिन्न कालेजों तथा विश्वविद्यालयों से कितने कृषि स्नातक (बी० एस-सी० एग्री०) निकले हैं ;

(ख) उपयुक्त अवधि में इन स्नातकों में से किस अनुपात में अथवा कितने प्रतिशत स्नातक सरकारी सेवाओं में लिए गए हैं ; और

(ग) भविष्य में इन बेरोजगार स्नातकों को रोजगार अथवा अन्य सहायता देने के लिये सरकार का विचार क्या विशिष्ट कार्यवाही करने का है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) 1964—66 की अवधि में विभिन्न महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण होने वाले कृषि स्नातकों की संख्या निम्न प्रकार है :

	1964	1965	1966
कुल संख्या	4731	5259	4232
महा विद्यालयों की संख्या (उपरोक्त आंकड़ों के लिए)	56	59	63

(ख) जिन कृषि स्नातकों को देश में व देश से बाहर सरकारी नौकरियां प्राप्त हो गई हैं उनकी संख्या, अनुपात तथा प्रतिशत खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकारिता मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि नौकरी के अवसर केन्द्रीय सरकार के अतिरिक्त राज्य सरकारों और गैर-सरकारी एजेन्सियों द्वारा भी दिये जाते हैं।

(ग) गैर-सरकारी क्षेत्र में हमारे कृषि विकास के क्रम में जो नये-नये जीविकोपार्जन के स्रोत अनिवार्यतः उपलब्ध होंगे, उनके अतिरिक्त चतुर्थ योजना की कृषि शिक्षा अनुसंधान और विकास सम्बन्धी बनायी जाने वाली परियोजनाओं द्वारा भविष्य में प्रशिक्षित कृषि स्नातकों को नौकरी की पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध कराने की आशा है।

चावल तथा गेहूं का आयात

8514. **श्री जुगल मण्डल :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन मास में विभिन्न देशों से कितनी मात्रा में गेहूं तथा चावल का आयात किया गया ; और

(ख) उपरोक्त खाद्यान्नों का किन शर्तों पर आयात किया गया ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) अपेक्षित जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०-1041/68**]

(ख) संयुक्त राज्य अमेरिका से गेहूं का आयात अंशतः पी० एल० 480 करार के अन्तर्गत और अंशतः संयुक्त राज्य अमेरिका में वाणिज्यिक खरीदारी के रूप में किया गया है। आस्ट्रेलिया से किया गया गेहूं का आयात उस देश में की गयी खरीदारी में से ही था।

थाईलैंड और बर्मा से चावल का आयात उन देशों में की गयी वाणिज्यिक खरीदारी द्वारा भी किया गया है।

मैसर्स शा वालेस एण्ड कम्पनी, कलकत्ता को अमोनियम सल्फेट तथा यूरिया की सप्लाई

8515. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1966-67 में तथा मार्च, 1968 के अन्त तक मैसर्स शा वालेस एण्ड कम्पनी को कितनी मात्रा में अमोनियम सल्फेट तथा यूरिया दिया गया ; और

(ख) उक्त कारखाने को यह सामग्री किस कार्य के लिये दी गई थी ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख). प्रत्येक के सामने लिखे प्रयोजन के लिये वर्ष 1966-67 में तथा मार्च, 1968 के अन्त तक मैसर्स शा वालेस एण्ड कम्पनी, कलकत्ता को निम्नलिखित मात्रा में अमोनियम सल्फेट तथा यूरिया दिया गया :

(आंकड़े टोन्ज में)

फर्म का नाम	उर्वरक की किस्म	अवधि 1966-67	अवधि 1967-68	जिस प्रयोजन के लिए नियतन किया गया
मैसर्स शा वैलेस एण्ड कम्पनी, कलकत्ता	सल्फेट आफ अमोनिया	11,000	12,424	उत्तर पूर्व भारत अर्थात आसाम तथा पश्चिम बंगाल में चाय के बागों को सप्लाई करने के लिये
	यूरिया	44		यीस्ट बनाने के लिये

कपास का मूल्य

8516. **श्री वेदव्रत बरुआ** :
श्री रवि राय :
श्री रामचन्द्र वीरप्पा :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात सरकार ने कृषि मूल्य आयोग से अनुरोध किया है कि

कपास के मूल्य बढ़ाये जायें ताकि उसके उत्पादकों को कुछ मुनाफा मिल सके ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

खाद्य तथा कृषि मन्त्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख). कृषि मूल्य आयोग ने अप्रैल, 1968 में मद्रास, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात आदि कई राज्यों का दौरा किया और उत्पादकों, व्यापारियों, उद्योगों और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों से 1968-69 के मौसम के लिए कपास और मूंगफली की मूल्य नीति के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया। इन विचार-विमर्शों में सम्बन्धित पक्षों द्वारा आयोग के समक्ष अनेक दृष्टिकोण प्रस्तुत किये गये। आयोग ने अभी तक 1968-69 के मौसम के लिए कपास की मूल्य नीति पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। इन परिस्थितियों में सरकार को ज्ञात नहीं है कि गुजरात सरकार या किसी अन्य पक्ष ने इस विषय में कृषि मूल्य आयोग के समक्ष क्या विचार रखे हैं।

अमोनियम सल्फेट तथा यूरिया की सप्लाई

8517. **श्री काशीनाथ पाण्डेय** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय कृषि विभाग द्वारा वर्ष 1966-67 में तथा मार्च, 1968 के अन्त तक अमोनियम सल्फेट तथा यूरिया जिन-जिन भट्ठियों को दिया गया उनके नाम क्या हैं तथा प्रत्येक को इसकी कितनी-कितनी मात्रा दी गई ; और

(ख) उक्त सामान की खरीद तथा बिक्री पर सरकार को कितना मुनाफा अथवा घाटा हुआ ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) 1966-67 और 1967-68 के वर्षों में भट्ठियों के नाम एवं अमोनियम सल्फेट और यूरिया की उस मात्रा को बतलाने वाला एक विवरण संलग्न है जो उनमें से प्रत्येक को दी गई है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०-1042/68**]

(ख) भट्ठियों को इन मदों के देने के सम्बन्ध में कोई पृथक व्यापार और लाभ एवं हानि के लेखे तैयार नहीं किये गये। फिर भी 1966-67 में केन्द्रीय उर्वरक पूल ने जिसका मुख्य कार्य कृषीय प्रयोग के लिये उर्वरकों का साम्यिक वितरण है। 40.66 करोड़ रुपयों की हानि उठायी है। 1967-68 वर्ष के पूल के लेखे को अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थी

8518. **श्री प्र० रं० ठाकुर** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री 12 दिसम्बर, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 618 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित किए गए व्यक्तियों की अर्जित भू-सम्पत्ति के लिए प्रतिकर देने से इंकार किए जाने के बारे में जानकारी अब प्राप्त कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ; और

(ग) पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों को उनकी सम्पत्ति के लिए, जो वे पूर्वी पाकिस्तान में छोड़ आये हैं ; प्रतिकर के भुगतान के बारे में सरकार द्वारा अपनी नीति पर पुनर्विचार करने से इन्कार किये जाने के क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चह्वाण): (क) जी, हां ।

(ख) यह सूचित किया गया है कि भारत आने वाले पूर्वी पाकिस्तान के प्रव्रजकों द्वारा छोड़ी गई सम्पत्ति को पाकिस्तान सरकार ने, पाकिस्तान प्रतिरक्षा नियमों के अधीन 'शत्रु सम्पत्ति' के रूप में माना है और उसका कोई मुआवजा अदा नहीं किया है ।

(ग) अन्य कारणों के साथ-साथ निम्न कारणों के फलस्वरूप प्रव्रजकों द्वारा छोड़ी गई सम्पत्ति का मुआवजा अदा करना भारत सरकार के लिये सम्भव नहीं है :

(1) पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थियों की सम्पत्तियों की व्यवस्था 1950 के नेहरू-लियाकत समझौते के अन्तर्गत की जाती हैं जिसके अनुसार सम्पत्तियों के स्वाम्य अधिकार शरणार्थियों के रहते हैं ।

(2) वस्तुतः भारत के पूर्वी खण्ड में कोई निष्क्रान्त सम्पत्ति नहीं है जो कि मुआवजा पूल का भाग बन सके और जिसमें से प्रव्रजकों को मुआवजा अदा किया जा सके ।

(3) वित्तीय अभिग्रस्ति के अतिरिक्त प्रव्रजकों के दावों का सत्यापन करने में भी महान कठिनाइयां उत्पन्न होंगी ।

पश्चिम बंगाल में गहरे समुद्र में मछली पकड़ना

8519. **श्री बदरुद्दुजा :** **श्री देवेन सेन :**
श्री ज्योतिर्मय बसु : **श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :**

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल के समुद्री तट में गहरे समुद्र में मछलियां पकड़ने के लिए कनाडा का सहयोग प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : जी नहीं । पश्चिम बंगाल के समुद्री तट में गहरे समुद्र में मछलियां पकड़ने के लिए कनाडा का सहयोग प्राप्त करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

भारत में शिक्षित बेरोजगार

8520. **श्री म० ला० सोंधी :** क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में काम दिलाऊ दफ्तरों में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर 1 जनवरी, 1968 को देश में कितने शिक्षित व्यक्ति बेरोजगार थे ;

(ख) क्या देश में बेरोजगारी की गम्भीर स्थिति को दृष्टि में रखते हुए सरकार का विचार चौथी पंचवर्षीय योजना को रोजगार प्रधान बनाने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री स० चु० जमीर) : (क) दिनांक 1 जनवरी, 1968 की भारत के नियोजन कार्यालयों के चालू रजिस्टरों में 10, 87, 371 शिक्षित (मैट्रिक और इससे अधिक) लोगों के नाम नियुक्ति सहायता प्राप्त करने के लिए दर्ज थे।

(ख) और (ग). चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए आरम्भिक कार्य अभी हाल ही में शुरू हुआ है। अतः योजना से सम्बन्धित विभिन्न नीतियों पर, जिनमें नियोजन सम्बन्धी नीति भी शामिल है, अभी निर्णय नहीं लिया गया है।

भारतीय खाद्य निगम की त्रिवेन्द्रम स्थित शाखा

8521. **श्री मंगलाथुमाडोम :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय खाद्य निगम के त्रिवेन्द्रम स्थित शाखा कार्यालय द्वारा किए जा रहे काम के बारे में राज्य सरकार ने कोई असन्तोष व्यक्त किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

उपभोक्ता सहकारी भण्डारों के लिए रूसी सहायता

8522. **श्री क० लकप्पा :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में उपभोक्ता सहकारी भंडारों के लिए रूस से सहायता मांगी है ; और

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार की सहायता मांगी गई है और उसका उद्देश्य क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री एम० एस० गुरुपदस्वामी) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Direct dialling system between Nagpur and Bombay

8523. **Shri Deorao Patil:** Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether it is proposed to introduce direct dialling system between Nagpur and Bombay; and

(b) if so, the progress made so far in this direction and when this service is likely to be inroduced?

The Minister of State in the Departments of Parliamentary Affairs and Communications (Shri I. K. Gujral): (a) Yes.

(b) A Coaxial cable system is being provided between Nagpur and Bombay. The work has been taken up. Orders for equipment for the expansion of Bombay Trunk Automatic Exchange to enable connection to Nagpur have also been placed. The direct dialling facility is expected to be made available by 1971.

इसगांव (आंध्र प्रदेश) में पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थियों का पुनर्वास

8524. **श्री गंगा रेड्डी** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि पूर्वी पाकिस्तान के शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए आंध्र प्रदेश के आदिलाबाद जिले के इसगांव स्थान पर 2 हजार एकड़ भूमि से भी अधिक जंगल को साफ कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो भूमि के कृष्यकरण पर प्रति एकड़ कितनी राशि व्यय हुई ;

(ग) इसगांव में बसाये गये परिवारों की संख्या कितनी है ; और

(घ) क्या यह सच है कि जो क्षेत्र पुनर्वास के लिए छांटा गया है वह कृषि के बिलकुल योग्य नहीं है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चह्वाण) : (क) पूर्वी पाकिस्तान से आये नये प्रव्रजकों को बसाने के लिए आन्ध्र प्रदेश के आदिलाबाद जिले के इसगांव स्थान पर लगभग 6,700 एकड़ भूमि को साफ कर दिया गया है।

(ख) लगभग 400 रुपये प्रति एकड़ ।

(ग) 31-3-1968 को इसगांव में लगभग 700 नये प्रव्रजक परिवार रह रहे थे ; वे पुनर्वास की विभिन्न अवस्थाओं में हैं।

(घ) जी, नहीं। पुनर्वास के लिये जो क्षेत्र चुना गया है, वह बुवाई के लिए उपयुक्त है और इसमें भूमि की व्यवस्था तथा फसलों की कार्य-प्रणाली की क्षमता है।

अंदमान द्वीप समूह के नील द्वीप में शरणार्थी

8525. **श्री गणेश** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अंदमान द्वीप समूह के नील नाम के द्वीप में कितने शरणार्थियों को बसा दिया गया है तथा उन्हें कब लाया गया था ;

(ख) उनके बसाने की योजना क्या है तथा क्या उन्हें भूमि दे दी गई है ;

(ग) क्या यह भूमि धान की खेती के योग्य है और क्या उस भूमि के लिए पानी की कमी है ; और

(घ) यदि हां, तो बसने वालों को काम में लगाये रखने के लिए इस बीच सरकार ने क्या योजना बनाई है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चह्वाण) : (क) अप्रैल और मई, 1967 में पूर्वी पाकिस्तान से आये 402 व्यक्तियों के 86 परिवारों को नील द्वीप में भेजा गया था ।

(ख) नील द्वीप में लगभग 2,500 एकड़ भूमि उद्धार के लिए उपयुक्त है । इसमें से लगभग 1,000 एकड़ भूमि के वनों को साफ कर दिया गया है । आगामी कार्यकाल में इस क्षेत्र पर प्रव्रजकों द्वारा बुवाई करने का प्रस्ताव है । चूंकि अधिक वन भूमि को साफ कर दिया जायेगा, पहले साफ की गई भूमि को नारियल के वृश रोषण करने के प्रयोग में लाया जायगा जिसके लिये इस द्वीप में अच्छी गुंजाइश है । आशा की जाती है कि अन्ततः क्षेत्र के तीन-पांचवे भाग पर बाग लगाए जायेंगे और शेष सामान्य कृषि प्रयोजन के लिये प्रयोग किया जायेगा । प्रत्येक प्रव्रजक परिवार को, पांच एकड़ भूमि जिसमें तीन एकड़ बागान तथा दो एकड़ साधारण कृषि भूमि आवंटित की जायेगी ।

(ग) इस द्वीप की भूमि नारियल के बागों के लिये अधिक उपयुक्त है । तथापि यह पाया गया है कि वृक्ष गिराकर जो भूमि साफ की जायेगी उसके दो-पंचम भाग पर धान की खेती की पैदावार की जा सकती है । द्वीप में पानी की कमी नहीं है ।

(घ) प्रव्रजक जिन्हें नील द्वीप में भेजा गया है, वे वर्तमान में बनों के वृक्षों को गिराने का कार्य कर रहे हैं । आगामी कार्यकाल में, वे इसके अतिरिक्त पहले साफ की गई भूमि पर धान की पैदावार करेंगे । उसके उपरान्त उस भूमि पर नारियल बागान लगाये जायेंगे जोकि इस प्रयोजन के लिये अधिक उपयुक्त हैं और प्रव्रजक ऐसे बागान में रोपण कार्य करेंगे ।

स्रवण क्षेत्रों में भू-संरक्षण के लिये वित्तीय सहायता

8526. **श्री अगाड़ी** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार ने मैसूर, आन्ध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र में राज्यवार 31 मार्च, 1967 को समाप्त होने वाली पांच वर्ष की अवधि में नदी घाटी परियोजनाओं के स्रवण-क्षेत्रों में भू-संरक्षण के लिए कितनी राशि निर्धारित की तथा उनमें से कितनी व्यय हुई ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : मैसूर, आन्ध्र प्रदेश तथा महाराष्ट्र में राज्यवार 31 मार्च, 1967 को समाप्त होने वाले 5 वर्षों की अवधि में नदी घाटी परियोजनाओं के स्रवण क्षेत्रों में भूमि-संरक्षण के लिये जितनी राशि निर्धारित की तथा उसमें से जितनी रकम व्यय हुई, उसके बारे में जानकारी निम्न प्रकार है :

मैसूर — रुपये लाखों में

वर्ष	निर्धारित की गई रकम	व्यय की गई रकम
1962-63	6.90	0.59
1963-64		3.49
1964-65	17.60	4.56
1665-66		3.96
1966-67	10·00	7.76
योग ...	34.50	20.36

आन्ध्र प्रदेश

1962-63		15.39
1963-64	60.00	13.18
1964-65		16.51
1965-66		15.91
1966-67	13.00	15.38
योग ...	73.00	76.37

महाराष्ट्र

1962-63	—	—
1963-64	—	—
1964-65	10.00	4.01
1965-66	—	6.00
1966-67	8.00	13.33
योग ...	18.00	23.34

Delhi Milk Scheme

8527. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Food and Agriculture** be pleased to state the expenditure incurred by Government on the Delhi Milk Scheme during the years 1964-65, 1965-66 and 1966-67 ?

The Minister of Food and Agriculture (Shri Jagjiwan Ram) : Expenditure incurred by the Government on the Delhi Milk Scheme in the years 1964-65, 1965-66 and 1966-67 was as follows :

1964-65	..	..	Rs. 4,83,13,854
1965-66	..	..	Rs. 6,01,17,319
1966-67	..	..	Rs. 6,94,09,106

Election Petitions

8528. **Shri Hukam Chand Kachwai** : Will the Minister of **Law** be pleased to state the number of Election Petitions in respect of last general Elections which were filed in the Supreme Court and in respect of which the judgement has been pronounced and the number of those in respect of which the judgement has not so far been pronounced ?

The Deputy Minister in the Ministry of Law (Shri M. Yunus Saleem) : No election petitions are filed direct in the Supreme Court ; only appeals against the orders of the High Courts are filed in the Supreme Court under Section 116A of the Representation of the People Act, 1951,

74 appeals against the orders of the various High Courts have been filed in the Supreme Court, out of those 6 have been disposed of so far.

चकमा परिवारों का पुनर्वास

8529. **श्रीमती ज्योत्सना चन्दा** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ ऐसे चकमा परिवार जिन्हें पुनर्वास के लिए नेफा क्षेत्र में ले जाया गया था, हाल में कछार वापिस लौट आये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चह्वाण) : (क) जी, हां ।

(ख) यह सूचना मिली है कि कुछ हितार्थी व्यक्तियों ने इन परिवारों को त्रिपुरा जाने के लिए उकसाया था जहां कि पहले ही चकमा कबीले के लोग रह रहे हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि चकमा परिवार जो नेफा में पुनः बसने के लिए अपने अग्रगामी प्रयत्न कर रहे थे, तुलनात्मक दृष्टि से उन्होंने जीवन को कष्टमय समझा और सुगमता से इन उकसाहटों के शिकार बन गये ।

डाक बक्से

8530. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का विचार देश में नयी प्रकार के डाक बक्से प्रयोग में लाने का है ;

(ख) यदि हां, तो इन डाक बक्सों का आकार क्या है ;

(ग) उन पर कितनी लागत आने का अनुमान है ; और

(घ) इस परिवर्तन के ब्योरा सहित कारण क्या हैं ;

संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं। फिर भी लेटर बक्स के पुराने डिजाइन में सुधार करने का प्रश्न विचाराधीन है।

(ख) से (घ). प्रश्न ही नहीं उठते।

भूवैज्ञानिक तथा भूभौतिकीविद

8531. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में स्नातकोत्तर डिग्री वाले 5,000 से अधिक भूवैज्ञानिक तथा भूभौतिकीविद हैं ;

(ख) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् के वैज्ञानिक तथा तकनीकी कर्मचारियों की राष्ट्रीय पंजी में कुल कितने व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं ; और

(ग) सरकार का विचार उनको पुनः नौकरी दिलाने के लिए क्या कार्यवाही करने का है जिससे देश में बेरोजगारी की समस्या को और गम्भीर होने से रोका जा सके ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री स० चु० जमीर) : (क) जी हां।

(ख) चार हजार से अधिक।

(ग) खनन और इससे सम्बन्धित अन्य गतिविधियों के विकास कार्यक्रम द्वारा जिसे वार्षिक योजनाओं में सम्मिलित किया गया है, आशा है बढ़े हुए नियोजन अवसर प्राप्त होंगे।

अंदमान में पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए शरणार्थी

8532. **श्री महन्त दिग्विजय नाथ** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अंदमान द्वीप में इस वर्ष पूर्वी पाकिस्तानी शरणार्थी स्थाई रूप से पुनर्वास के लिये भेजे जा रहे हैं ;

(ख) भेजे जा रहे ऐसे परिवारों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या पूर्वी पाकिस्तान से और अधिक परिवार आ रहे हैं ; और

(घ) इसके पुनर्वास पर अनुमानतः कितना व्यय होगा ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चह्वाण) : (क) जी, हां।

(ख) आगामी मानसून के उपरान्त, पूर्वी पाकिस्तान से आये प्रव्रजकों के 114 परिवारों को अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह में भेजने का प्रस्ताव है।

(ग) जी, हां। पूर्वी पाकिस्तान से प्रव्रजकों का आना अभी जारी है।

(घ) पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों तथा बर्मा और श्रीलंका से लौटने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास के लिये 1968-69 के वर्ष में लगभग 29 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव किया गया है।

मिजो पहाड़ी जिले में डाक डिवीजन

8533. **श्रीमती ज्योत्सना चन्दा** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में मिजो पहाड़ी जिले में एक अलग डाक डिवीजन बनाने का है ;

(ख) यदि हां, तो कब ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य-मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) विभागीय मानकों के अनुसार इस प्रस्ताव का औचित्य नहीं है।

फार्म ऋण

8534. **श्री कामेश्वर सिंह** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1968-69 में फार्म ऋण के लिये सरकार ने धन नियत किया है ;

(ख) यदि हां, तो कितना धन नियत किया गया है ;

(ग) बिहार के लिये कुल कितना धन नियत किया गया है और उसमें से कुल कितने प्रतिशत राशि मुंघेर जिले के लिये नियत की गई है ; और

(घ) देहाती क्षेत्रों में ऋण का वास्तविक वितरण कब तक आरम्भ हो जाने की संभावना है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) से (घ). एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०-1043/68**]

यूनाइटेड चीनी मिल मजदूर संघ द्वारा प्रस्तावित हड़ताल

8535. **श्री कामेश्वर सिंह** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि यूनाइटेड चीनी मिल मजदूर संघ के सदस्य आगामी अक्तूबर में हड़ताल करने वाले हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) हड़ताल न हो इसके लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते ।

कृषि स्नातक

8536. **श्री प्र० रं० ठाकुर** : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रथम पंचवर्षीय योजना के आरम्भ से अब तक देश में प्रति वर्ष कुल कितने व्यक्तियों ने कृषि स्नातक की डिग्री प्राप्त की है ;

(ख) उपरोक्त अवधि में कृषि स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले व्यक्तियों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के व्यक्तियों की पृथक-पृथक संख्या कितनी है ; और

(ग) कृषि पाठ्यक्रमों के लिये प्रति वर्ष कितने अनुसूचित जातीय और अनुसूचित आदिम जातीय छात्रों को सरकार द्वारा छात्रवृत्तियां दी गई थीं ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) 1954 से 1966 तक की अवधि में देश में जितने स्नातक तैयार हुए हैं उनके बारे में जानकारी निम्न प्रकार है :

	1954	1955	1956	1957
कुल संख्या	792	886	808	994
महाविद्यालयों की संख्या (उपरोक्त आंकड़ों के लिये)	20	21	21	24

	1958	1959	1960	1961
कुल संख्या	1,387	1,700	2,090	2,612
महाविद्यालय की संख्या (उपरोक्त आंकड़ों के लिये)	29	31	34	39

	1962	1963	1664	1965	1966
कुल संख्या	2,912	4,099	4,731	5,259	4,232
महाविद्यालयों की संख्या (उपरोक्त आंकड़ों के लिये)	46	53	56	59	63

(ख) और (ग). देश के कृषि महाविद्यालयों तथा राज्य सरकारों से जानकारी इक्ट्ठी की जा रही है और प्राप्त होते ही सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले विस्थापित व्यक्ति

8537. **श्री प्र० रं० ठाकुर** : क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री 15 फरवरी, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 576 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1963-64 से अन्दमान और निकोबार द्वीप समूह में बसाये गये पूर्वी पाकिस्तान से आये शरणार्थियों में अनुसूचित जातियों के लोगों सम्बन्धी जानकारी इस बीच इक्ट्ठी कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) 1949 और 1963 के बीच वहां बसाये गये कुल 2861 परिवारों में से ऐसे अनुसूचित जातियों के परिवारों की संख्या कितनी है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री दा० रा० चह्वाण) : (क) और (ख). जी, हां । संघ क्षेत्र अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह में किसी समुदाय को भी अनुसूचित जाति घोषित नहीं किया गया है । तथापि नये प्रव्रजकों में से जिन्हें 1965, 1966 और 1967 के वर्षों के अन्तर्गत द्वीप में भेजा गया था, उनमें से 382 परिवारों ने घोषित किया है कि वे पूर्वी पाकिस्तान में अनुसूचित जाति के सदस्य थे ।

(ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा की मेज पर रख दी जायेगी ।

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना
CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

हरिजनों के विरुद्ध आन्ध्र प्रदेश के कृषि मंत्री का कथित वक्तव्य

Shri Rabi Ray (Puri) : Sir, I call the attention of the Minister of Home Affairs to the following matter of urgent public importance and request that he may make a statement thereon :

"Reported statement by the Agriculture Minister of Andhra Pradesh against Harijans".

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चह्वाण) : अध्यक्ष महोदय, सरकार का ध्यान 24 अप्रैल, 1968 के "पैट्रियेट" समाचार-पत्र में प्रकाशित आन्ध्र प्रदेश के कृषि मंत्री की समाचार-पत्र संवाद्दाताओं के साथ हुई अनौपचारिक बातचीत के समाचार की ओर दिलाया गया है । राज्य सरकार की रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है ।

मैंने इस बारे में आन्ध्र-प्रदेश के मुख्य मंत्री, जो आजकल दिल्ली में हैं, से आज विचार-विमर्श किया है। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि वह इस मामले की स्वयं जांच करके मुझे अपनी रिपोर्ट भजेंगे।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : तब तक उन्हें निलम्बित कर दीजिए।

श्री प्र० रं० ठाकुर (नवद्वीप) : आप समाचार-पत्र संवाद्दाताओं से रिपोर्ट देने के लिये क्यों नहीं कहते हैं ?

Shri Rabi Ray : I am surprised to hear the reply of the Home Minister to my call attention motion. What was the utility of having talks with the Chief Minister ? A Harijan boy was burnt in Andhra Pradesh. Harijans are not receiving good treatment in Andhra Pradesh and Maharashtra. In both these States the Congress is in power. May I seek the assurance.....

अध्यक्ष महोदय : आपकी सुविधा के लिये मैं एक सुझाव दूंगा। गृह-कार्य मंत्री महोदय का कहना है कि उनके पास जानकारी नहीं है। बिना जानकारी के वह माननीय सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर कैसे दे सकते हैं ? जानकारी उपलब्ध हो जाने पर वह सभा को दे देंगे।

श्री शिव नारायण (बस्ती) : मंत्री महोदय हमें आश्वासन दें कि वह जानकारी देंगे।

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (डा० एरिंग) : मैं श्री अन्नासाहिब शिन्दे की ओर से ... ... **(अन्तर्वाधा)**।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : What is going on.

Shri George Fernandes (Bombay-South) : We want the resignation of that Minister. The Home Minister should assure the House that that Minister will be removed.

श्री शिव नारायण : मैं एक साधारण प्रश्न पूछना चाहता हूं। मुख्य मंत्री आजकल दिल्ली में हैं।

अध्यक्ष महोदय : यह स्थगित कर दिया गया है। यह ठीक है कि मुख्य मंत्री यहां हैं। किन्तु गृह-कार्य मंत्री महोदय के पास जानकारी नहीं है। जानकारी के मिलने पर सभा को दे दी जायेगी। इसके लिये मंत्री महोदय को कुछ समय अवश्य चाहिये।

Shri George Fernandes : He should be dismissed from the Cabinet. He is not fit for holding a portfolio of a Minister.

Shri Atal Bihari Vajpayee (Balrampur) : May I know whether the Home Minister has tried to cantact the Agriculture Minister of Andhra Pradesh ?

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य बैठ जायें। गृह कार्य मंत्री महोदय ने मुख्य मंत्री से बातचीत की थी। मुख्य मंत्री को इसके बारे में कुछ पता नहीं था क्योंकि वह परसों दिल्ली आ गये थे। वे दोनों ही मामले की सत्यता का पता लगायेंगे।

श्री हेम बरुआ (मंगलदायी) : गृह कार्य मंत्री महोदय ने बताया है कि उन्होंने मुख्य मंत्री से बातजीत की थी किन्तु मुख्य मंत्री महोदय को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है क्योंकि वह सम्बन्धित मंत्री से बातचीत नहीं कर पाये थे। उन्हें उन मंत्री महोदय से बातचीत करनी चाहिए थी **जो** चाहते थे कि हरिजनों को पीटा जाना चाहिए। **(अन्तर्बाधाएं)**।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य बैठ जायें। मैं बता चुका हूं कि यह मामला स्थगित कर दिया गया है।

श्री यशवन्तराव चह्वाण : निस्संदेह इस समाचार से सबको खेद है। मैं समझता हूं कि कोई समझदार व्यक्ति ऐसी बात नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति पैदा हो जाने पर मेरा कर्तव्य राज्य सरकार से तथ्यों का पता लगाना है। सम्बन्धित मंत्री से टेलीफोन पर सम्पर्क स्थापित करना पर्याप्त नहीं होगा। आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री को भी इस मामले की जानकारी नहीं थी। उन्होंने टेलीफोन पर सम्बन्धित मंत्री से सम्पर्क स्थापित करने का प्रयत्न किया किन्तु वह सम्पर्क स्थापित नहीं कर सके। अब उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि वह इस मामले की स्वयं जांच करके मुझे रिपोर्ट देंगे। और अधिक मैं क्या कर सकता हूं ?

श्री प्र० रं० ठाकुर : यदि ऐसी घटना पश्चिम बंगाल में हो जाती तो उन्हें सदस्यता से हटा दिया जाता।

अध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सदस्यों से कई बार कह चुका हूं कि यह उचित नहीं है।

श्री वासुदेवन नायर (पीरमाडे) : गृह-कार्य मंत्री महोदय के वक्तव्य से ऐसा लगता है कि वह इसे एक साधारण मामला समझते हैं। हम समझते हैं कि यह एक अविलम्बनीय महत्व का मामला है। अतः इस मामले में जानकारी यथाशीघ्र प्राप्त की जानी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : हम दो दिन का समय देंगे। दो दिन के अन्दर जानकारी मिल जानी चाहिए। मुख्य मंत्री को हैदराबाद वापिस जाना है।

Shri Madhu Limaye : He need not go back. He can be cantacted on the phone.

अध्यक्ष महोदय : टेलीफोन पर सम्पर्क स्थापित करने से कोई लाभ नहीं है। वह टेलीफोन पर बात करने से इन्कार कर सकते हैं।

श्री रंगा (श्रीकाकुलम) : यह एक ऐसा मामला है जिस पर सभी को खेद है। हम चाहते हैं कि इस संबंध में अच्छी तरह चर्चा की जाये। इसके लिए आधे घंटे का समय बहुत कम है। अतः इस पर चर्चा के लिए कम से कम दो घंटे का समय दिया जाना चाहिए ताकि लगभग सभी दलों के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिल सके। मेरा अनुरोध है कि कल या परसों इसके लिए दो घंटे का समय नियत किया जाये।

अध्यक्ष महोदय : यह एक विचित्र स्थिति पैदा हो गई है । मैं भी आन्ध्र प्रदेश से सदस्य हूं । मैंने कल इस बारे में सूचना मिलते ही इसे स्वीकार कर लिया । अब इसका उत्तर गृह-कार्य मंत्री को देना है न कि मुझे । सामान्यतः मैं इसे स्वीकार नहीं करता । किन्तु इसे स्वीकार न करने पर गलतफहमी हो सकती थी । अब गृह-कार्य मंत्री महोदय इसके बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं और जब इस पर चर्चा के लिए कहेंगे मैं उसकी स्वीकृति दे दूंगा । क्या सोमवार ठीक रहेगा ।

श्री यशवन्तराव चह्वाण : जी, हां ।

अध्यक्ष महोदय : श्री रंगा ने भी सुझाव दिया है तथा अन्य ध्यान दिलाने की सूचनाएं भी आई हैं । अब सबको सोमवार को लिया जायेगा ।

सभा-पटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (डा० एरिंग) : मैं श्री अन्नासाहेब शिन्दे की ओर से अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं को एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :

(एक) मध्य प्रदेश अनाज (सीमा परिवहन पर प्रतिबंध) संशोधन आदेश, 1968 जो दिनांक 15 अप्रैल, 1968 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 716 में प्रकाशित हुआ था ।

(दो) पश्चिमी बंगाल चावल (वहन नियंत्रण) संशोधन आदेश, 1968 जो दिनांक 17 अप्रैल, 1968 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 746 में प्रकाशित हुआ था ।

(तीन) जी० एस० आर० 747 जो दिनांक 17 अप्रैल, 1968 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा बिहार से दालों का निर्यात निषिद्ध करने वाले दिनांक 1 नवम्बर, 1966 के बिहार सरकार के आदेश संख्या 21807-एस० सी० का विखंडन किया गया ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल० टी०-1021/68]

औद्योगिक विवाद अधिनियम तथा कर्मचारी राज्य बीमा (नियंत्रण) दूसरा संशोधन नियम के अन्तर्गत अधिसूचना

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री स० चु० जमीर) : मैं निम्नलखित

पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :

(एक) पश्चिमी बंगाल राज्य के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 1968 को जारी की गई उद्घोषणा के खंड (ग) (चार) के साथ पठित औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 40 की उपधारा (3) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या 30-आई० आर०/आई० आर० 4/1ए-1 (ए)/64-पी० टी० की एक प्रति जो दिनांक 25 जनवरी, 1968 के कलकत्ता राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा उक्त अधिनियम की प्रथम अनुसूची में कतिपय उद्योग जोड़े गये ।

(दो) ऊपर की अधिसूचना को सभा-पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण बताने वाला एक विवरण ।

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1848 की धारा 95 की उपधारा (4) के अन्तर्गत कर्मचारी राज्य बीमा (नियंत्रण) दूसरा संशोधन नियम, 1968 की एक प्रति जो दिनांक 6 अप्रैल, 1968 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 677 में प्रकाशित हुए थे ।

[**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०**-1022/68]

प्राक्कलन समिति
ESTIMATES COMMITTEE

चौवनवां प्रतिवेदन

श्री पें० वेंकटासुब्बया (नन्द्याल) : मैं शिक्षा मंत्रालय—विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के बारे में प्राक्कलन समिति (तीसरी लोक सभा) के एकसौदौवें प्रतिवेदन में की गयी सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के विषय में प्राक्कलन समिति का चौवनवां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं ।

सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति
COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

सोलहवां, सत्रहवां तथा अठारहवां प्रतिवेदन

श्री द्वा० ना० तिवारी (गोपालगंज) : मैं सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति के निम्न प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं :

(1) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के बारे में सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (तीसरी लोक-सभा) के 39वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के विषय में 16वां प्रतिवेदन ।

(2) वर्ष 1961-62 के लिए दामोदर घाटी निगम के लेखे सम्बन्धी परीक्षा प्रतिवेदन के बारे में लोक लेखा समिति (तीसरी लोक-सभा) के 15वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के विषय में 17वां प्रतिवेदन ।

(3) शिपिंग कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के बारे में सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति (तीसरी लोक-सभा) के तीसरे प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के विषय में 18वां प्रतिवेदन ।

एपीजे शिपिंग कम्पनी के बारे में 22 अप्रैल, 1968 को खाद्य मंत्री द्वारा दिये गये वक्तव्य पर प्रश्न

QUESTIONS ON STATEMENT MADE BY FOOD MINISTER ON 22nd APRIL, 1968 Re: APEEJAY SHIPPING COMPANY

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : The Minister of Food and Agriculture had corrected his reply on 22 April, 1968 regarding recall of Shri A. M. Thomas. First of all the statement made by the Hon. Minister on 22nd April, 1968 is not fully correct. He stated in his reply on 11th April, 1968 that there was nothing unusual in that. I want to know whether they are unaware of the reply given to Starred Question No. 626 on 13th March, 1968 by the Prime Minister that the normal procedure prescribed is for files and papers coming up for decision to pass on from the lower level to the higher level and reach the Minister through a Joint Secretary/Secretary. In specific cases a Deputy Secretary may also deal direct with the Minister.

I wrote a letter to Prime Minister on 16th February, 1968 wherein I **inter alia** asked in categorical terms that Shri A. M. Thomas should be recalled from Australia, because he took no action against Apeejay Shipping Company even after calling the said file in an extra-ordinary manner. I asked a question on 11th April, 1968 which was addressed to the Prime Minister. The reply to my question was given by the Food Minister, Shri Jagjiwan Ram. He said that an extract from the said letter (Shri Limaye's letter) regarding the recall of Shri Thomas was not sent to his Ministry or Ministry of External Affairs. He also said on 11th April that "the External Affairs Ministry advised my Department that they were not aware of any demands for the recall of Shri A. M. Thomas". Here I would like to point out that the Prime Minister and the Minister of External Affairs is one and the same person. I addressed a letter to the Prime Minister who is Minister of External Affairs also. As such why the External Affairs Ministry advised the Department of Food that they were not aware of any demand for the recall of Shri A. M. Thomas. Secondly, may I know why the Prime Minister did not refer for comments the demand of recall of Shri Thomas ? Will the Prime Minister give a reply to this question ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री (श्री जगजीवन राम) : मैंने एक बात तो यह कही थी कि उपमंत्री द्वारा फाइल को सीधे मंगाकर देखे जाने में कोई गलती नहीं

है क्योंकि यदि कोई मंत्री किसी फाइल को देखना चाहता है तो वह फाइल को सीधी मंगाकर देख सकता है तथा ऐसे अवसर पर साधारण प्रक्रिया अपनाने की आवश्यकता नहीं होती। दूसरे श्री थामस ने फाइल यह देखने के लिये मंगाई थी कि चावल की कम सप्लाई या कम चावल उतारने के सम्बन्ध में क्या सरकार को धोखा दिया गया है। उपमंत्री ने देखा कि सावधानी बरतने के लिये कार्यवाही की जा रही है। वह उस कार्यवाही से संतुष्ट थे और उन्होंने फाइल लौटा दी। उनके विचार से यह ऐसा मामला नहीं था जिसमें श्री थामस से स्पष्टीकरण मांगा जाता या उनसे पूछताछ की जाती।

Shri Madhu Limaye : I want an answar from the Prime Minister.

अध्यक्ष महोदय : वैसे तो प्रश्न खाद्य मंत्री के नाम पर था। परन्तु यदि प्रधान मंत्री इस बारे में उत्तर देना चाहें तो वह इसका उत्तर दे सकती हैं।

प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : श्री थामस को वापस बुलाने की मांग इस आधार पर की गई थी कि कोई गलती थी। खाद्य मंत्रालय से प्राप्त स्पष्टीकरण के आधार पर वापसी की कोई गुंजाइश नहीं है। जब तक वापसी के लिये कोई मामला नहीं बनाया जाता तब तक मेरे लिये यह आवश्यक नहीं होता कि मैं विदेश मंत्रालय को इसकी जानकारी दूँ।

Shri Madhu Limaye : Sir, now she says that she is under no obligation to inform the External Affairs or anybody else. It is a disrespect shown to the House. Because my question—"whether a demand has been made for his recall in view of the suspicious circumstances, and if so, the reaction of the Government thereto"—was admitted by you. First of all she got this question transferred from her name to in the name of Food Minister. Now she says that she is not responsible for it. I am raising a point of order, which is very important one.

अध्यक्ष महोदय : आपका व्यवस्था का प्रश्न क्या है ?

Shri Madhu Limaye : It was her duty to give answer to my question. Now she says, "I am under no obligation". May I know whether we have not got any rights and privileges in this House ? If we have, who will reply to my question.

श्री रंगा (श्री काकुलम) : यहां पर तो प्रधान मंत्री सर्वेसर्वा है।

अध्यक्ष महोदय : क्या आप व्यवस्था के प्रश्न पर भी वाद-विवाद करना चाहते हैं। मेरे विचार से तो व्यवस्था के प्रश्न पर वाद-विवाद नहीं होना चाहिये। व्यवस्था के प्रश्न पर तो अध्यक्ष को अपना निर्णय देना होता है।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : दूसरों को भी अपनी दलील देने का अवसर मिलना चाहिये।

श्री रंगा : मेरे विचार से तो व्यवस्था के प्रश्न के समर्थन और विरोध में जो-जो सदस्य कुछ कहना चाहें, वे कह सकते हैं और उनके द्वारा दिये गये तर्कों पर आप निर्णय करते समय

विचार कर सकते हैं। यह तो आप पर ही निर्भर होता है कि आप व्यवस्था को स्वीकार करें अथवा अस्वीकार करें।

श्री दी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : व्यवस्था के प्रश्न से केवल अध्यक्ष और उस सदस्य का सम्बन्ध होता है, जो उसे उठाता है। किसी अन्य सदस्य को, चाहे वह किसी दल का नेता ही क्यों न हो, उसे बढ़ाकर या घटाकर कहने का अधिकार नहीं होता।

श्री नाथ पाई : मैं श्री मधु लिमये के व्यवस्था के प्रश्न का समर्थन करता हूँ। मेरा भिन्न व्यवस्था का प्रश्न नहीं है क्योंकि एक व्यवस्था के प्रश्न पर दूसरा व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। मेरे विचार से प्रधान मंत्री का वह बात कहने का इरादा नहीं था जो वह कह गईं।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : यदि मेरे कथन से कोई गलत-फहमी पैदा हो गई है तो मुझे इसका अफसोस है। मैंने 'आब्लिगेशन' का शब्द सभा के लिये प्रयोग नहीं किया था। वह मैंने विदेश मंत्रालय के लिये प्रयोग किया था।

श्री रंगा : विदेश मंत्रालय से मामला कृषि मंत्रालय में भेजा गया। कृषि मंत्रालय कहता है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अब प्रधान मंत्री कहती हैं कि कृषि मंत्रालय या विदेश मंत्रालय को जानकारी देने के लिये वह उत्तरदायी नहीं हैं। इस दशा में प्रधान मंत्री का क्या काम रह जाता है।

अध्यक्ष महोदय : मैं सदस्यों के विचार अवश्य जानना चाहता हूं। परन्तु यदि प्रत्येक मिनट के बाद सदस्य इस प्रकार खड़े होकर स्वेच्छा से बोलना शुरू कर देंगे, तो काम कैसे चलेगा। कुछ दल के नेताओं की तो बात सुनी जा सकती है, सब सदस्यों को तो इस प्रकार का अवसर नहीं दिया जा सकता। अब श्री नाथ पाई जी समाप्त करें।

श्री नाथ पाई : मेरा विचार यह है कि प्रधान मंत्री इस सभा के प्रति उत्तरदायी हैं और जो बात सभा जानना चाहती है, प्रधान मंत्री इसका उत्तर देनें के लिये जिम्मेदार हैं। इसलिये प्रधान मंत्री का यह कहना कि "मेरे ऊपर दायित्व नहीं है" उचित नहीं है और उन्हें ये शब्द वापस लेने चाहिये।

Shrimati Indira Gandhi : I received a letter from Shri Madhu Limaye. It mentioned **inter alia** something about Apeejay Shipping Company, so the relevant extracts were sent to the Ministry of Food. The demand of recall was not referred to either the Ministry of External Affairs or the Ministry of Food. After receiving the Comments thereon from the Ministry of Food I deemed that no action is necessary in the matter. Immediately I decided that Shri Thomas is not to be recalled. As far as this House is concerned, I am fully responsible to it

श्री मधु लिमये : मेरे व्यवस्था के प्रश्न पर तो आप निर्णय दीजिये।

अध्यक्ष महोदय : मैंने आपका व्यवस्था का प्रश्न स्वीकार ही नहीं किया है ।

Shri George Fernandes (Bombay South) : The question was to be answered on 10th April by the Minister of External Affairs, who is herself Prime Minister. The answer to the said question should have been prepared by 10th April in the External Affairs Ministry. This question was transferred on 10th April in the name of Ministry of Food and the Minister of Food, Shri Jagjiwan Ram gave a reply to it on 11th April. May I know the reason why the draft reply of the said question regarding the recall of Shri Thomas was not sent to the Minister of Food alongwith the question. At one place the Food Minister said that the Ministry of External Affairs intimated the Deptt. of Food that they have no information about the recall of Shri Thomas. In the end of his statement he said that "after full consideration of the matter, the Government are satisfied that no action is necessary on the suggestion made by Mr. Limaye for the recall of Mr. A. M. Thomas." Such a decision might have been taken by the Prime Minister herself or in the Ministry of External Affairs. May I know whether Government took any action after receiving a letter from Shri Madhu Limaye; if so, the result thereof ?

श्री जगजीवन राम : मेरे मंत्रालय को केवल प्रश्न भेजा गया था उसके उत्तर का प्रारूप नहीं । इसलिये वैदेशिक-कार्य मंत्रालय से उस सम्बन्ध में पूछना अनिवार्य था । जो उत्तर वैदेशिक कार्य मंत्रालय ने हमारे पास भेजा था, वह सभा को दे दिया गया था । चूंकि श्री थामस से पूछने की कोई बात नहीं थी, अतः उनसे इस सम्बन्ध में कोई पूछताछ नहीं की गई ।

सभा का कार्य
BUSINESS OF THE HOUSE

अध्यक्ष महोदय : कार्य-मंत्रणा समिति ने औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्रालय से सम्बद्ध अनुदानों की मांगों पर चर्चा के लिये केवल दो घंटे नियत किये हैं । अतः किसी भी सदस्य को आधा घंटा नहीं दिया जा सकता । समाज कल्याण की अनुदानों की मांगों के लिये 4 बजे म० प० से 7 बजे म० प० तक का समय नियत किया गया है । मांगों पर चर्चा का आज अन्तिम दिन है और 7 बजे म० प० मांगों पर चर्चा समाप्त कर दी जायेगी ।

इसके पश्चात् लोक-सभा मध्याह्न भोजन के लिये 2 बजे म० प० तक के लिये स्थगित हुई

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock

लोक-सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् 2 बजे म० प० पर पुनः समवेत हुई

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fourteen of the Clock

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Deputy-Speaker in the Chair]

अनुदानों की मांगें—1968-69—जारी
DEMANDS FOR GRANTS—1968-69

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्रालय

उपाध्यक्ष महोदय : अब सभा में औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्रालय से सम्बद्ध मांगों पर विचार और मतदान होगा। जो सदस्य मांगों पर कटौती प्रस्ताव पेश करना चाहें, वे अपनी पर्ची पटल पर 15 मिनट के अन्दर भिजवा दें।

वर्ष 1968-69 के लिये औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्रालय की अनुदानों की निम्नलिखित मांगें पेश की गईं

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
53	औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्रालय	66,03,000
54	उद्योग	3,66,20,000
55	नमक	50,09,000
56	औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय।	94,85,000
119	औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्रालय का पूंजी परिव्यय।	8,61,57,000

उपाध्यक्ष महोदय : इन पर ठीक चार बजे मतदान होगा। कांग्रेस की ओर से एक या दो सदस्य बोलेंगे। विपक्ष के सदस्यों से भी मेरा अनुरोध है कि वह समय-सीमा का पालन करें। श्री नन्दकुमार सोमानी को दस मिनट मिले हैं। श्री नन्दकुमार सोमानी।

श्री नन्दकुमार सोमानी (नागौर) : आज हमारा देश औद्योगिक विकास के नाजुक दौर से गुजर रहा है। जिन नीतियों को आज हम अपनाते हैं, जिन्हें भारत सरकार आगे प्रस्तुत करती है, वे हमारे भविष्य के बारे में बहुत कुछ बतायेंगे। उनसे यह पता चलेगा कि क्या हमारे यहां स्थिरता, मन्दी, बेरोजगारी, प्रति व्यक्ति कम आय, कम उत्पादन तथा कम निर्यात होता रहेगा अथवा कभी ऐसा अवसर आयेगा जब हमारी इन स्थितियों में कोई सुधार हो सकेगा। यह सब हमारी नीतियों पर निर्भर करेगा। हमारे देश में नीति सम्बन्धी निर्णय लेने की प्रतिक्रिया में कुछ बड़ी भारी कमी है। हम कीमतों को घटाने-बढ़ाने के पक्ष में नहीं हैं। हम एकाधिकार के पक्ष में भी नहीं हैं,

लेकिन हमें इस अवस्था में यह नहीं भूलना चाहिये कि यदि हमें विश्व से मुकाबला करना है, यदि हमें विकसनशील देशों के साथ प्रतियोगिता करनी है तो हमें देखना होगा कि आर्थिक आकार की कौन सी प्रौद्योगिकी, उत्पादन के कौन से औजार, किस प्रकार के कराधान के स्तर इस देश में परिचालित हो रहे हैं, हमें अपने देश की बातों के साथ-साथ विश्व के अन्य देशों में जो कुछ हो रहा है उस पर गौर करना होगा।

इसलिये जब कभी कोई महत्वपूर्ण नीति विषयक निर्णय किया जाता है तो यह किसी के दबाव में आकर या धमकी में आकर नहीं किया जाना चाहिए। जहां तक नीति विषयक निर्णय लेने का सम्बन्ध है हमें 'कम्प्यूटर टेकनोलौजी' को अपनाना होगा। हम भली प्रकार जानते हैं कि हमारे देश में क्या-क्या क्षेत्र हैं, क्या सीमाएं हैं और कीमत निर्धारण सम्बन्धी निचले ढांचे की क्या सीमाएं हैं। इसलिए जब हम कभी किसी उद्योग के परिचालन की बात करते हैं तो हमें कम्प्यूटर की सहायता से इन निर्णयों का स्वांगीकरण कर देना चाहिए और इस प्रकार कम्प्यूटर से जो भी युक्ति-संगत, वैज्ञानिक और विकासशील उत्तर मिलें हमें उनका पालन करने योग्य होना चाहिये।

दूसरी बात यह है कि इस मंत्रालय को उत्प्रेरक एजेंटों के रूप में काम करना पड़ता है तथा औद्योगिक दृष्टि से पुराने और रूढ़िवादी समाज को एक ऐसे आधुनिक समाज में बदलना होता है जिसमें औद्योगिक मामलों, कम्पनी विस्तार तथा अन्य ऐसे मामलों के बारे में देश के हित में निर्णय करने का काम पेशेवर प्रबन्धकों पर छोड़ दिया जाता है।

खेद की बात है कि मन्दी से हमने कुछ सबक नहीं सीखा। मैं समझता हूं कि मन्दी के कारण बहुत भारी कष्ट उठाने पड़े और इससे कई करोड़ रुपये के उत्पादन की क्षति हुई और 2,00,000 से भी अधिक श्रमिकों पर इसका कुप्रभाव पड़ा। लेकिन हमने मन्दी के बारे में कोई दीर्घकालीन अध्ययन नहीं किया है और न ही जहां उत्पादकता तथा प्रगति की सम्भावना है वहां के लिए हमने कोई सहायक नीतियां अपनाई हैं।

हमारे देश में पर्याप्त संसाधन हैं लेकिन मन्त्रालयों के बीच कोई अच्छा समन्वय नहीं है। यथा यह कहा गया है कि 1970-71 के पश्चात् हैवी इंजीयरिंग कारपोरेशन, रांची, को कोई आदेश (आर्डर) नहीं मिलेगा और शायद इसे बन्द ही करना होगा। इसलिये सरकारी क्षेत्र में अथवा गैर-सरकारी क्षेत्र में कोई परियोजना बनाते समय हमें देखना होगा कि यह अपनी अधिकतम क्षमता का प्रयोग कर सकें और देश की न्यूनतम लागत आये। कागज उद्योग लगातार हानि उठा रहा है और मन्त्रालय इस पर तनिक भी गौर नहीं कर रहा है। अगर अगले वर्ष या उसके पश्चात् देश में कागज की कमी हुई और इसकी चोर बाजारी हुई तो इसका कारण इस मंत्रालय की नीतियां होंगी और मंत्री महोदय कागज की इस कमी के लिये प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी होंगे।

सरकार छोटी कार का निर्माण करने के लिये सरकारी क्षेत्र में एक नया कारखाना खोलने जा रही है। मैं नहीं जानता इसकी क्या आवश्यकता है। क्या हमारे पास इतनी विदेशी

मुद्रा है ? इस पर 32-35 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की लागत आयेगी और फिर भी हमें पूरी आशा नहीं है कि हमें इसमें सफलता मिलेगी । इसके बजाय अगर हम देश के वर्तमान मोटर गाड़ी निर्माताओं को 5-6 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा दे दें तो कारों का निर्माण पर्याप्त बढ़ जायेगा और इन्जीनियरिंग उद्योगों में जो अनुपयुक्त क्षमता, अलाभकर उत्पादन है वह समाप्त हो जायेगा ।

जहां तक देशी प्रौद्योगिकी का सम्बन्ध है हमारी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं ने बहुत कम काम किया है और यह बिल्कुल ठीक समय है जब कि हमें इस ओर अधिक ध्यान देना चाहिए और इन प्रयोगशालाओं के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए तथा अधिक लाभकर परियोजनाएं तैयार की जानी चाहिये जिससे कि हमें विदेशी आयातित प्रौद्योगिकी से छुटकारा मिल सके और अपने लोगों को उत्साहित कर सकें ।

Shri Hardayal Devgun (East Delhi): This Ministry has done nothing useful during the last one year. It has utterly failed in fulfilling its responsibility of industrial development in the country. All the industries are facing recession except a few like chemical, fertilizer and petroleum. The worst thing is that there is no hope of industrial development in future also because it has not been mentioned in its report and policy resolution that there is any scheme for industrial development for future. There is a necessity of full review of the previous industrial policy.

In an agricultural country like India there should have been two objectives of industry, firstly, to support agriculture and secondly, to make strong the defence of the country but our policy do not have these two objectives. It has not contributed towards the defence of the country and also did not make up the deficiency of the agriculture. It has failed both way. As a result of this policy, today we are having a worst economic system in the country. So long this policy is not changed and there is no complete change in the industrial development Act there will be no industrial development in the country. It is the need of the hour to improve the economic system of the country. New policy should be made.

श्री राजाराम (सलेम) : औद्योगिक विकास विभाग, सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में छोटे तथा बड़े पैमाने के उद्योगों के व्यवस्थित विकास को प्रोत्साहन देकर देश के शीघ्र औद्योगीकरण के लिए उत्तरदायी है । लेकिन देश के अनेक भाग अभी पिछड़े हुए हैं, कई राज्यों की उपेक्षा की जा रही है, राज्यों द्वारा किये गये निवेदनों पर ध्यान नहीं दिया जाता । उदाहरणार्थ, यहां तक कि जब मद्रास में कांग्रेस सरकार थी तब वहां के उद्योग मंत्री ने सलेम में एक इस्पात कारखाना स्थापित करने के लिए एक लाइसेंस के लिए आवेदन-पत्र भेजा था लेकिन उसका अभी तक केन्द्रीय सरकार से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है । सरकार द्वारा औद्योगिक विकास के सम्बन्ध में ढुलमुल नीति अपनाई गयी । इसी कारण देश को मन्दी का सामना करना पड़ा । इतना ही नहीं बल्कि 83,000 से अधिक स्नातक और डिप्लोमा प्राप्त इन्जीनियरों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा । यदि इस विभाग ने अपना कार्य अच्छी प्रकार किया होता तो यह स्थिति कभी न उत्पन्न

होती । इस विभाग ने देश में उद्योगों का विकास नहीं किया है । हमने देश में तीन आटोमोबाइल यूनिट स्थापित किये हैं जिनमें स्टैंडर्ड, फिएट तथा अम्बेसेडर कारों का निर्माण होता है । लेकिन इन यूनिटों का कार्य संतोषजनक नहीं है । भारतीय मानक संस्था द्वारा विशिष्ट-विवरण दिये जाने के बावजूद भी ये कारें अच्छी सेवा नहीं दे रही हैं, ऐसी कारों का निर्यात भी नहीं किया जा सकता ।

हमारा देश कृषि-प्रधान है और हमें शक्ति (बिजली) से चलने वाले हलों की आवश्यकता है । हमारे कृषकों के पास थोड़ी-थोड़ी भूमि है । हमने केवल 252 हलों का निर्माण किया है । जापान ने 1500 रुपये की लागत पर ऐसे हल तैयार किये हैं और वहां के कृषक उनका अच्छा उपयोग कर रहे हैं । हमें गैर-सरकारी क्षेत्र के उद्योगपतियों को ऐसे हलों के निर्माण का परामर्श देना चाहिए क्योंकि देश में कृषि विकास के लिए ऐसे हलों की एक बड़ी संख्या में आवश्यकता है, अथवा सरकारी क्षेत्र ही ऐसा कार्य आरम्भ क्यों नहीं कर देता ?

श्री सी० एन० अन्नादुराय ने अपने बजट भाषण में कहा था कि भारत सरकार मद्रास राज्य में 'मोलिस्टर' धागे का निर्माण करने के लिए एक कारखाना स्थापित करने के लिये एक लाइसेंस देने का विचार रखती है जिसमें गैर-सरकारी क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये का पूंजी व्यय होगा । हमने इस कारखाने के लिए लाइसेंस मंजूर करने के लिए आग्रह किया था लेकिन अभी तक मंत्रालय से कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है । मेरे विचार से देश में भेद-भाव की भावना व्याप्त है और उत्तर तथा दक्षिण का झगड़ा चल रहा है । मंत्री महोदय को लाइसेंस मंजूर करने के सम्बन्ध में तुरन्त कार्यवाही करनी चाहिए । मद्रास के मुख्य मंत्री ने यह अनुरोध भी किया है कि भारतीय टेलीफोन उद्योगों का दूसरा यूनिट मद्रास में स्थापित किया जाये । सरकार को इसे मान लेना चाहिए ।

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
53	2	श्री श्रीनिवास मिश्र	एक कारगर औद्योगिक नीति बनाने में असफलता ।	घटाकर 1 रुपया कर दिया जाये ।
53	3	श्री श्रीनिवास मिश्र	सरकारी क्षेत्र के उद्योगों द्वारा कार्य-संचालन ।	घटाकर 1 रुपया कर दिया जाये ।
54	22	श्री श्रीनिवास मिश्र	छोटे पैमाने के उद्योग स्थापित करने में विषमता रोकने में असफलता ।	100 रुपये कम कर दिये जायें ।

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
54	23	श्री श्रीनिवास मिश्र	औद्योगिक सहकारी समितियां गठित करने में धीमी गति ।	100 रुपये कम कर दिये जायें ।
49	31	श्री श्रीनिवास मिश्र	सांभलपुर (उड़ीसा) के निकट बढ़िया किस्म के चूने के पत्थरों के भण्डार का दोहन करने के लिए दूसरी सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करने में असफलता ।	100 रुपये कम कर दिये जायें ।
49	32	श्री श्रीनिवास निश्र	ट्रैक्टरों के निर्माण की धीमी प्रगति ।	100 रुपये कम कर दिये जायें ।
49	33	श्री श्रीनिवास मिश्र	दोषपूर्ण आयोजन और प्रशासन के कारण हिन्दुस्तान फोटो फिल्म मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी को हुई हानि ।	100 रुपये कम कर दिये जायें ।

उपाध्यक्ष महोदय : ये कटौती प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत हैं ।

श्री प्र० कु० घोष (रांची) : देश में औद्योगिक उत्पादन के दर में कमी चिन्ता का एक विषय बन गया है । औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्रालय के प्रतिवेदन में बताया गया है कि औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्ति को प्रभावित करने वाला एक बड़ा कारण मांग के सामान्य स्तर में गिरावट आना है । इस स्थिति का मुकाबला करने के लिए समुचित नीति यही होगी कि उद्योगों को अपने उत्पादन में वृद्धि करने तथा तीव्र गति से विकास करने के लिए उत्साहित करके ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की जायं जिनसे जनसधारण की क्रय-शक्ति में वृद्धि हो । औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के साथ-साथ रोजगार के नये अवसर बढ़ेंगे और इससे लोगों की क्रय-शक्ति भी बढ़ेगी । औद्योगिक उत्पादन में कमी का कारण काफी सीमा तक सरकारी उपक्रम भी हैं । औद्योगिक क्षेत्र में विकास की इस प्रकार की प्रवृत्ति के कारण हैं, श्रमिक अशान्ति, और सरकारी उपक्रमों का कार्य उन आई० सी० एस० तथा आई० ए० एस० अधिकारियों को सौंप देना जिन्हें कोई अनुभव प्राप्त नहीं है । इन अधिकारियों को श्रमिकों से कोई सहानुभूति नहीं है । वे ऐसी नीतियों को अपनाते हैं जिनके द्वारा श्रमिक अपनी आवश्यक सुविधाओं से बंचित हो

जाते हैं। इस प्रकार श्रमिक हताश हो जाते हैं और उत्पादन को बढ़ाने में पूरा योगदान नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि उत्पादन कम हो जाता है और करोड़ों रुपये का घाटा होता है। इसके अतिरिक्त उपक्रमों में गुटबन्दी, प्रान्तीयता, पक्षपात और भाई भतीजावाद भी दिखाई देता है। सबसे खतरनाक जो है वह है इनमें साम्प्रदायिकता।

हैवी इलैक्ट्रिकल्स कारपोरेशन, रांची के अन्तर्गत हैवी मशीन बिल्डिंग प्लांट अनिश्चित अवस्था में है। वरिष्ठ इंजीनियरों की राय में यह प्लांट बोकारो के लिए सप्लाई को कभी भी पूर्ण न कर सकेगा। बहुत से उपकरण जिनका निर्माण हैवी मशीन बिल्डिंग प्लांट में हो सकता था बोकारो के लिए रूस से मंगाये जा रहे हैं। इसका कारण है कारखाने के जनरल मैनेजर द्वारा पक्षपात, प्रान्तीयता तथा भाई भतीजावाद का अपनाया जाना जिसके कारण कर्मचारियों में एक असंतोष की भावना व्याप्त है। तकनीकी पर्यवेक्षण कर्मचारियों की शिकायत है कि संगठन चार्ट मनमाने ढंग से तैयार किया गया है। इसमें तकनीकी कर्मचारियों की अपेक्षा प्रशासनिक कर्मचारियों का अधिक पक्ष लिया गया है। हम एक ऐसे मुख्य उपक्रम में जिस पर कि देश का भविष्य निर्भर है ऐसी बात नहीं होने देंगे। इसलिए अन्य सरकारी और गैर-सरकारी उपक्रमों के प्रसिद्धि प्राप्त इंजीनियरों द्वारा इसकी जांच की जानी चाहिये और उन्हें संगठन चार्ट बनाने का काम भी सौंप देना चाहिए तथा वर्तमान जनरलमैनेजर को हटा देना चाहिए। उद्योग विभाग द्वारा छोटे उद्योगों की उपेक्षा की जा रही है। छोटे उद्योग सम्पूर्ण औद्योगिक उत्पादन का 33 प्रतिशत दे रहे हैं और सम्पूर्ण औद्योगिक श्रमिकों के 35 प्रतिशत को रोजगार दे रहे हैं। लेकिन हम उन्हें औद्योगिक कच्चे माल का केवल 6 प्रतिशत भाग दे रहे हैं। हमें उद्योगों के राज्य निदेशकों को औद्योगिक कच्चे माल का 50 प्रतिशत तथा कच्चे माल के लिए विदेशी मुद्रा का 50 प्रतिशत दे देना चाहिए ताकि छोटे उद्योग उनसे अपनी आवश्यकताएं पूरी कर सकें।

डा० रानेन सेन (बारसाट) : औद्योगिक क्षेत्र की वर्तमान स्थिति औद्योगिक विकास मंत्रालय के कार्य की ओर संकेत करती है। भारत सरकार की औद्योगिक नीति का आधार ही गलत है। जैसा कि हमारा अनुभव है भारतीय उद्योग विदेशी सहयोग, विदेशी शैल्पिक ज्ञान, विदेशी मुद्रा, विदेशी मशीनों और उपकरणों आदि पर निर्भर करता है। एकाधिकारवादियों ने भी हमारे उद्योगों को हथियाया। इन्होंने सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों से अधिकतम लाभ कमाने के प्रयत्न किये। केवल औद्योगिक नीति संकल्प को समाप्त ही नहीं किया गया है अपितु सरकार ने गैर-सरकारी क्षेत्र को उन औद्योगिक क्षेत्रों में भी अतिक्रमण करने दिया है जो कि वर्ष 1948 और 1956 के औद्योगिक नीति संकल्पों के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र के लिए आरक्षित थे। यह सब जानते हैं कि जब सीमेंट निगम स्थापित किया गया था तब इसका उद्देश्य सीमेंट का निर्माण करना था। लेकिन अभी तक इसके द्वारा जरा सा भी सीमेंट का उत्पादन नहीं किया गया है। इसका मुख्य कार्य सारे भारत में केवल सीमेंट का वितरण करना है। यह कहा जाता है कि यहाँ औद्योगिक मन्दी है। हमारे माल-डिब्बे बनाने वाले उद्योग और अन्य इंजीनियरिंग उद्योगों को क्या हुआ ? पिछले कुछ महिनों से हम अखबारों में पढ़ रहे हैं कि माल-डिब्बे दक्षिण कोरिया, दक्षिण वियतनाम और अन्य देशों को निर्यात किये जा रहे हैं। सोवियत रूस, हंगरी और

यूगोस्लाविया के साथ भी माल-डिब्बे सप्लाई करने के सम्बन्ध में करार हुआ है। मंत्री महोदय को वैगन उद्योग की स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि देश में बहुत से वैगन कारखाने कई महिनों से बन्द पड़े हैं, सरकार को धोखा देने का प्रयत्न किया जा रहा है और उद्योगों को कई महिनों तक बन्द रखा जाता है।

कच्चे माल की सप्लाई की कमी के कारण छोटे-पैमाने के उद्योगों को हानि उठानी पड़ रही है। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कच्चे माल की सप्लाई के सम्बन्ध में भेदभाव किया जाता है, उनको अनुदान भी अपर्याप्त मात्रा में दिया जाता है, उनके लिए विपणन और आधुनिकीकरण की व्यवस्था भी अपर्याप्त है। जब तक हम छोटे और मध्यम उद्योगों को सहायता नहीं देते और उनकी बड़े-बड़े व्यापारियों से रक्षा नहीं करते तब तक भारतीय औद्योगिक क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता। भारत की वर्तमान औद्योगिक नीति में परिवर्तन की आवश्यकता है। सरकार को जनसाधारण की आवाज को सुनना चाहिए और औद्योगिक अर्थव्यवस्था बनाने का प्रयत्न करना चाहिए ताकि छोटे और मध्यम उत्पादक एक समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र बनाने में समर्थ हो सकें।

Shri Rabi Ray (Puri) : Mr. Deputy Speaker, I stand to oppose the demands for grants relating to the Department of Industrial Development and Company Affairs. In fact, the meaning of industrialisation is not clear to Government. It should be clarified. Heavy industries have not been set up in sufficient number and the existing heavy industries have not been working to full capacity. Corruption is rampant in both public and private sectors.

From the reports of three committees set up by Government it is evident that there has not been any industrialisation in the country. Only some industries have been set up at some places.

No policy about industrialisation can be successful unless other policies about property, language, caste and administration, which are related to it, are not implemented. Disparities should be removed and harmonious relations established between the employers and the employees.

The Managing Agency system is very defective. Shri Dutta, while disagreeing with the report of Mahalnobis Committee, has made comments that this system has led to concentration of economic power. Therefore, this system should be done with. Government should soon come forward with a scheme in this regard.

I would also like to say something about contributions being made by companies to political parties. This thing is not proper, Government should pay attention to this aspect. Government had given an assurance to bring forward a bill to ban contributions by companies to political parties. But it is doubtful that such a Bill would be brought forward because big leaders of Congress Party are against it. The Estimates Committee in its 9th report has given a very important suggestion which says :

देश के औद्योगीकरण के क्षेत्र में हम ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं कि यदि आत्मनिर्भरता

के बारे में वास्तव में ही सार्थक बनना है तो यह आवश्यक है कि विशेषज्ञों की किसी संस्था द्वारा औद्योगीकरण की नीति पर व्यावहारिक दृष्टि से पुनर्विचार किया जाय ।

Government should consider this suggestion.

Like Agricultural Commission, an Industries Commission should be set up which would suggest how concentration of wealth, which has taken place during the last 20 years, should be stopped and industrialisation effected.

Birla Brothers have accumulated huge wealth by unfair means. An Enquiry Commission on the lines of Vivin Bose Commission should be set up to look into the affairs of Birla Brothers.

Small scale industries are not flourishing due to the influence of big industries.

As I have just stated, an industrial commission should be appointed to make an assessment of industrialisation done during the last 20 years and recommend the manner in which industrialisation should be made in future.

Industries should be set up in backward states like Bihar, Orissa, Andhra Pradesh and Madhya Pradesh etc. in order to increase the per capita income of these states.

Shri Bhola Nath (Alwar) : This is a good thing that the work of co-ordination relating to matters of rural industrialisation has been entrusted to this Ministry. It is a matter of regret that mostly industries are being set up in big cities like Calcutta and Bombay and no attention is being paid towards industrialisation in villages. Industries should be decentralised and a scheme prepared for industrialisation of villages which should be implemented as early as possible.

There is no use of talking of recession. We are not even getting things of daily use like tyres, tubes, asbestos sheets and cement. There is great shortage of spare parts of tractors and automobiles. In fact there is no recession. The fact is that some people have hoarded goods and scarcity conditions have been created.

There is a scheme to establish an industrial estate at Alwar in Rajasthan. But this scheme has not been implemented as yet. Government should pay attention to it. Raw material is available in this area in plenty and chemical industries should be established there. There is also a scheme to establish telephone industry at Alwar which is under the consideration of Government of India. This scheme should be implemented as early as possible. The small car project should also be implemented.

श्री ज० अहमद (धुबरी) : पिछले वर्ष भी मैंने कहा था कि आसाम में एक भी उद्योग स्थापित नहीं किया गया है और न ही सरकार ने इसके लिये कोई राशि मंजूर की । यह खुशी की बात है कि भारत के सीमेंट निगम लि० ने आसाम में बीकाजन में एक सीमेंट कारखाने की स्थापना के बारे में एक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने का काम अपने हाथ में लिया है ।

आसाम में कच्चे माल की बहुतायत है । आसाम को हर जिले में चूना काफी मात्रा में उपलब्ध है । आसाम में सीमेंट का उत्पादन किया जा सकता है और केवल आसाम से सारे भारत

को सीमेंट की सप्लाई की जा सकती है । अखबारी कागज के लिये भी आसाम जंगलों और बांसों से भरा पड़ा है । सरकार को वहां पर कागज बनाने का एक कारखाना खोलना चाहिये ।

आसाम की हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है । आसाम के लोगों में काफी असंतोष है । सरकार ने आसाम की स्थिति में सुधार करने के लिये 20 वर्ष में कुछ भी नहीं किया है । आसाम की स्थिति बड़ी कठिन और खतरनाक बन गई है । कोई भी गैर-सरकारी उद्योगपति आसाम में उद्योग स्थापित करने के लिये तैयार नहीं है । गौहाटी में हुए दंगों के बाद तो वहां पर अब कोई भी नहीं जाना चाहता । मेरा माननीय मंत्री जी अनुरोध है कि वे आसाम में तुरन्त कुछ सरकारी कारखानें खोलें ।

Shri Ganpat Sahai (Sultanpur) : Uttar Pradesh is the largest state in our country. All the natural resources like rivers, forests and minerals are found in the state. Even then the state has not been industrially developed. In the report relating to small scale industries it has been mentioned that nothing has been done as regards the industrial development in most of the eastern districts of Uttar Pradesh. There is no textile mill, sugar factory or foundry in Sultanpur. Had the proposed locomotive workshop been established in this district, thousand persons would have got employment. Government should pay attention towards industrial development of eastern district of Uttar Pradesh.

[**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Speaker in the Chair]

श्री उमानाथ (पुदुकोटै): श्री कृष्णामाचारी ने कम्पनी कानून संशोधन अधिनियम सभा में लाते समय और उसको पारित कराते समय यह कहा था कि इसके बाद कदाचार और एकाधिकारवादी बहुत सी प्रवृत्तियों को रोका जा सकेगा । परन्तु यह उद्देश्य पूरा नहीं हो सका ।

बेनेट कोलमैन एंड कम्पनी के मामले में सरकार ने न्यायाधिकरण से अनुरोध किया था कि निदेशकों को हटा दिया जाय और जब तक याचिका पर निर्णय नहीं दिया जाता तब तक के लिये न्यायाधिकरण ने निषेधाधिकार प्राप्त एक चेयरमैन नियुक्ति कर दिया । चेयरमैन को निषेधाधिकार इसलिये दिया गया कि जैन निदेशक अपने बहुमत का फिर से दुरुपयोग न कर सकें । किन्तु आज तो स्थिति यह है कि निदेशकों को पद से हटाने के बारे में पेश की गई याचिका न्यायाधिकरण के विचाराधीन है और चेयरमैन ने जैन निदेशकों से सांठगांठ कर ली है । यह सिद्ध हो गया है कि चार या पांच कर्मचारियों को केवल इसलिये तंग किया गया कि उन्होंने न्यायाधिकरण और सरकार के सामने गवाही दी । फिर नये चेयरमैन ने अपने चुनाव के लिये कंपनी से 2 लाख रुपये चन्दे के रूप में लिये । मंत्री महोदय ने सभा को आश्वासन दिया था कि वे इस मामले पर विचार करेंगे । मंत्री महोदय बतायें कि इस सम्बन्ध में जांच की गई है या नहीं और यदि हां, तो जांच के निष्कर्षों का ब्योरा क्या है ? ये कदाचार जारी हैं । ऐसी परिस्थिति में सरकार को वर्तमान चेयरमैन को पद से हटाने के बारे में न्यायाधिकरण में एक याचिका पेश करनी चाहिये ।

अब मैं दूसरी बात पर आऊंगा । मफतलाल समूह से सम्बद्ध संगठन फेडको ने कुछ जाली दस्तावेज तैयार करके आयात लाइसेंस लिये । उक्त संगठन पर मुकदमा चलाया गया और उसे उच्च न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया । इसके बाद उक्त संगठन ने उच्चतम न्यायालय में अपील की और उच्चतम न्यायालय ने भी उक्त संगठन को दोषी ठहराया और कहा कि संगठन को जमानत वापस दे देनी चाहिये और सजा भुगतनी चाहिये । उच्चतम न्यायालय द्वारा उक्त निर्णय दिये जाने के 36 दिन बाद भी जब उच्चतम न्यायालय के लेख पर अमल नहीं किया गया तो चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उन्हें उसी दिन रिहा भी कर दिया गया ।

मैं केन्द्रीय सरकार से भी यह जानना चाहता हूं कि उसने इस मामले में क्या किया है ।

दूसरा प्रश्न यह है कि उक्त मुकदमा केन्द्रीय सरकार के कहने पर चलाया गया । केन्द्रीय अधिनियम के अधीन उक्त संगठन पर अभियोग चलाया गया । किन्तु राज्य सरकार ने उन्हें रिहा करके उच्चतम न्यायालय के निर्णय को रद्द कर दिया । इसमें क्या औचित्य है ? सरकार बताये कि क्या महाराष्ट्र सरकार ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करके उक्त व्यक्तियों को रिहा करने और उच्चतम न्यायालय के निर्णय को रद्द करने का निर्णय लेने से पूर्व केन्द्रीय सरकार से सहमति प्राप्त की थी ? यह भी बताया जाय कि केन्द्रीय सरकार ने इस मामले में क्या किया । केन्द्रीय सरकार को इस मामले की जांच करनी चाहिये और यह मालूम करना चाहिये कि यह सब कैसे हुआ ।

अन्त में मैं यह बताना चाहूंगा कि अधिनियम में यह उपबन्ध है कि दोषी फर्मों के विरुद्ध गवाही देने वाले व्यक्तियों को संरक्षण दिया जायेगा । स्वर्गीय प्रधान मंत्री, श्री जवाहरलाल नेहरू, ने बेनेट कोलमैन एण्ड कम्पनी के कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि वह इस बात का ध्यान रखेंगे कि उक्त कर्मचारियों को सताया न जाय । उक्त आश्वासन के आधार पर ही कम्पनी के कुछ कर्मचारियों ने गवाही दी । उन्हें संरक्षण नहीं दिया गया और फलस्वरूप वे अब बेरोजगार हैं । सरकार का यह बड़ा ही अनुचित रवैया है । इसीलिए मैं कहता हूं कि इन सब बातों के लिये सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है ।

औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : मैं सदस्यों की इस बात से सहमत हूं कि ऐसे महत्वपूर्ण विषय के लिये 2 घंटे का समय पर्याप्त नहीं है ।

[श्री मनोहरन पीठासीन हुए
Shri Manoharan in the Chair]

मैं सबसे पहिले इस प्रश्न के सामान्य पहलू पर विचार व्यक्त करूंगा । कुछ सदस्यों ने औद्योगिक विकास की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त किया है । इस मामले में हम सभी चिन्तित हैं । यह एक ऐसा विषय है जिसके बारे में राष्ट्रीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिये और देश के औद्योगिक विकास में राजनीतिक वातावरण भी सहायक होना चाहिये । इसके अतिरिक्त श्रम सम्बन्धी स्थिति भी देश के विभिन्न उद्योगों में उत्पादन बढ़ाने में सहायक होनी चाहिये ।

आज विज्ञान और तकनीकी जानकारी का विकास हो रहा है और जब तक हम विकास की इस प्रवृत्ति के साथ-साथ आगे नहीं बढ़ेंगे तब तक औद्योगिक विकास के क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर सकेंगे। हमारा उद्देश्य यह है कि देश की आन्तरिक खपत के लिये और निर्यात के द्वारा विदेशी मुद्रा कमाने के लिये सामान तैयार करने की दृष्टि से उद्योग स्थापित किये जायं। यह तभी संभव हो सकेगा जब हम अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में सामान की किस्म और मूल्य की दृष्टि से अन्य देशों का मुकाबला कर सकें। अतः यह मालूम किया जाना चाहिए कि अन्य देश इस सम्बन्ध में क्या कुछ कर रहे हैं।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy-Speaker in the Chair]

हम विदेशी सहयोग वाली अनेक योजनाओं के अधीन विदेशों से तकनीकी जानकारी प्राप्त करते आ रहे हैं। किन्तु यह खेद की बात है कि हम बहुत से देशों से प्राप्त हुई तकनीकी जानकारी का समुचित लाभ नहीं उठा सके। तकनीकी जानकारी सम्बन्धी विदेशी सहयोग के 30 से 35 प्रतिशत मामलों में हमें अभी भी तकनीकी सहयोग की अवधि को बढ़ाने के लिए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। इससे यही पता चलता है कि तकनीकी जानकारी का विकास करने, उत्पादन लागत को कम करने और अन्य बहुत से सुधार करने के लिए अनुसंधान कार्यों में सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र द्वारा धन लगाये जाने की काफी गुंजाइश है। मेरी माननीय सदस्यों से प्रार्थना है कि वे स्थिति में सुधार लाने के लिए सुझाव दें। मेरे विचार से माननीय सदस्य मेरी इस बात का समर्थन करेंगे कि औद्योगिक विकास की दृष्टि से अनुसंधान कार्यों पर खर्च करने के लिए योजना आयोग को अधिक धन दिया जाना चाहिए। वर्तमान स्थिति में तभी कुछ सुधार हो सकता है।

जहां तक उत्पादन लागत कम करने और सामान की किस्म सुधारने का सम्बन्ध है, यह तभी सम्भव हो सकता है जब काफी सामान तैयार किया जाए। अतः उत्पादन लागत कम करने और कार्यकुशलता बढ़ाने की दृष्टि से एकाधिकार के प्रश्न पर विचार किया जाना चाहिए। यदि किसी उद्योग की एक या दो इकाइयों को अपने देश में विकसित करके हमें सस्ती लागत पर अच्छी किस्म का सामान मिल सके तो संभवतः इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। कुछ लोग एक या दो उद्योगों पर ही नहीं अपितु देश के सभी उद्योगों पर छा जाना चाहते हैं। हमें देश के विभिन्न भागों के नवयुवक उद्यमियों को अवसर प्रदान करने और बेरोजगारी की समस्या को भी हल करना है।

एक ओर तो यह कहा जाता है कि छोटी कार तैयार करने की कोई आवश्यकता नहीं है और जो लोग इस उद्योग में काम कर रहे हैं उन्हें और अधिक कारें तैयार करने की अनुमति दी जानी चाहिए। दूसरी ओर यह शिकायत की जाती है की जो कारें तैयार की जा रही हैं वे बहुत ही घटिया किस्म की हैं। इन सभी बातों पर विचार करने के लिए पांडे समिति नियुक्ति की गई थी। हमने उक्त समिति की लगभग सभी सिफारिशों को कार्यान्वित कर लिया है।

आशा है कि इन सिफारिशों पर अमल करने के साथ-साथ अच्छी किस्म की कारें भी तैयार की जा सकेंगी ।

कारों की बड़ी मांग है और हमें कारें तैयार करने के प्रश्न पर गंभीरता से विचार करना चाहिए । इसके लिए हमारे पास बहुत से प्रस्ताव आये हैं । ये सभी प्रस्ताव योजना आयोग को भेज दिये गये हैं ।

जितने सुझाव हमें मिले हैं, उनमें से उपयुक्त सुझावों को योजना आयोग को भेज दिया गया है। माननीय सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर भी निर्णय करते समय ध्यान दिया जायेगा। श्री सोमानी ने छोटी कार परियोजना में 32 करोड़ रुपये की लागत की आवश्यकता बताई है परन्तु रेनाल्ट कम्पनी तथा मैसूर राज्य ने इससे बहुत कम लागत बताई है ।

औद्योगिक नीति के सम्बन्ध में क्षेत्रीय असंतुलन की बात भी कही गई है । माननीय सदस्यों का कहना है कि सब राज्यों में उद्योगों का समान वितरण नहीं हुआ है । मैं इस सम्बन्ध में निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसा प्रयास किया जाना है जिससे सब क्षेत्रों के साथ औद्योगिकरण के मामले में समान व्यवहार किया जा सके । इसके अतिरिक्त किसी क्षेत्र का औद्योगिक विकास न केवल केन्द्रीय सरकार के प्रयास पर बल्कि राज्य सरकारों के प्रयास पर भी निर्भर होता है । साथ ही यह बात भी याद रखनी चाहिए कि प्रत्येक राज्य में प्रति व्यक्ति की आय लघु उद्योगों की स्थापना से जितनी अधिक बढ़ सकती है उतनी बड़े उद्योगों की स्थापना करने से नहीं । इस प्रकार उद्योगों का विकास इस बात पर निर्भर है कि उस क्षेत्र विशेष में कच्चे माल, यातायात तथा बिजली आदि की कितनी सुविधाएं उपलब्ध हैं और राज्य सरकार इस पर कितने रुपये खर्च करना चाहती है । महाराष्ट्र तथा कुछ अन्य क्षेत्र सीमेन्ट उद्योग के मामले में पिछड़े हुए हैं अतः उन क्षेत्रों में सीमेंट के कारखाने स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा । योजना आयोग भी सरकारी क्षेत्र के लिए राशि नियत करते समय इस असमानता को दूर करने की बात को ध्यान में रखेगा ।

कुछ सदस्यों ने ढिबरी, काबले और पेंच (नट, बोल्ट, स्क्रू) आदि के आयात की इस आधार पर आलोचना की है कि उनका उत्पादन देश में शुरू होने के बावजूद उनका आयात किया जाता है । मैं सभा को यह जानकारी देना चाहता हूं कि कुछ ऐसे काबले और पेचों को छोड़कर जिनका उत्पादन देश में नहीं होता या जिनको देश में बनाने पर अधिक खर्च आता है, शेष सब प्रकार के काबले, पेचों और ढिबरियों के आयात पर पाबन्दी लगा दी गई है ।

जहां तक रेल के डिब्बों के निर्माण का सम्बन्ध है, हमारे देश में चार पहिए वाले लगभग 30,000 रेल के डिब्बे बनाने की क्षमता विद्यमान है । इसमें वे 3000 डिब्बे भी सम्मिलित हैं जिनके विदेशों से क्रयादेश मिले हुए हैं । अगले वर्ष हम लगभग 2000 डिब्बों का निर्यात करेंगे, अगले कुछ वर्षों में 10,000 डिब्बे प्रतिवर्ष निर्यात करने की स्थिति में हो जायेंगे । रूस के साथ भी डिब्बों के निर्यात के लिए एक समझौता हुआ है । कुछ सदस्यों ने स्कूटर के साथ फालतू टायर न दिये

जाने का प्रश्न भी उठाया। टायरों के अभाव के कारण ऐसा हुआ, और टायरों की कमी का कारण है बम्बई की फायर स्टोन नामक कम्पनी का 7-8 महीने तक बन्द रहना। स्थिति से निपटने के लिए टायरों के आयात की इजाजत दे भी दी गई थी।

जहां तक लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने की बात है, लघु उद्योगों के लिए आवश्यक कच्चे माल के लिए 1966-67 और 24-2-1968 तक 1967-68 में क्रमशः 74.9 करोड़ तथा 40.85 करोड़ रुपये के आयात लाइसेंस दिये गये। देशी कच्चे माल से नियंत्रण वर्ष 1966-67 से उठा लिया गया है। विभिन्न प्रकार के दुर्लभ कच्चे माल का कोटा राज्यवार नियुक्त कर दिया जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि लघु उद्योगों के विकास को हम अत्यधिक महत्ता देते हैं। यह हर्ष की बात है कि भारत में कुल औद्योगिक उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत उत्पादन लघु उद्योगों में होता है। इंजीनियरों की बेकारी को दूर करने का भी यही रास्ता है कि उन्हें लघु उद्योगों में सेवा का अवसर दिया जाये और इसके लिए उन्हें समुचित प्रशिक्षण दिया जाये। लघु उद्योगों में प्रोत्साहन देने के लिये उनके उत्पादन को प्राथमिकता के आधार पर खरीदा जाता है, उन्हें अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। कागज उद्योग के सामने आने वाली कठिनाइयों पर भी ध्यान दिया जायेगा।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सभी कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए

All the cut motions were put and negatived

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा औद्योगिक विकास तथा समवाय कार्य मंत्रालय की अनुदानों की निम्नलिखित मांगें मतदान के लिये रखी गईं तथा स्वीकृत हुईं

The following Demands in respect of Ministry of Industrial Development and Company Affairs were put and adoptod

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
53	औद्योगिक विकास और समवाय कार्य मंत्रालय	66,03,000
54	उद्योग	3,66,20,000
55	नमक	50,09,000
56	औद्योगिक विकास और समवाय कार्य मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	94,85,000
119	औद्योगिक विकास और समवाय कार्य मंत्रालय का पूंजी परिव्यय	8,61,57,000

समाज कल्याण विभाग

उपाध्यक्ष महोदय : अब सभा समाज कल्याण विभाग की मांग संख्या 97 और 98 पर विचार करेगी और सभा में उन पर मतदान होगा । कटौती प्रस्ताव पेश करने के इच्छुक 15 मिनट के अन्दर अपने नाम पटल पर भेज दें । हमारे पास केवल तीन घण्टे का समय है ।

वर्ष 1968-69 के लिये समाज कल्याण विभाग की अनुदानों की निम्नलिखित मांगें प्रस्तुत की गईं

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
97	समाज कल्याण विभाग	15,51,000
98	समाज कल्याण विभाग का अन्य राजस्व व्यय	3,34,86,000

श्री द० रा० परमार (पाटन) : समाज कल्याण मंत्रालय की मांगों पर आखिर में अनुमति देने के लिये मैं आपको धन्यवाद देता हूं। इस मंत्रालय पर 1965 में चर्चा हुई थी और तब इसका नाम सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय था । समाज कल्याण विभाग में कई विषय आते हैं जैसे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों का कल्याण, महिलाओं और बच्चों का कल्याण, विकलांगों और अनाथों का कल्याण तथा कुछ गैर-सरकारी संगठनों का संचालन आदि ।

[**श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य पीठासीन हुए**
Shri C. K. Bhattacharyya in the Chair]

मांग संख्या 97 की कुल राशि 18,61,000 रुपये की है । इस विभाग के सचिवालय पर होने वाला खर्चा जिसमें विभाग के कर्मचारियों का वेतन आदि भी सम्मिलित है कुल माँग की 4,20,44,000 रुपये की राशि का 4.43 प्रतिशत है । मांग की कुल राशि का 16 प्रतिशत का ब्योरा नहीं दिया गया है । 2 लाख तथा 1 लाख रुपये की राशियों को खर्च करने का हक मंत्री को दिया गया है । इस राशि को वह अपनी स्वेच्छा से खर्च करेगा । मांग संख्या 98 के अधीन 4,01,83,000 रुपये की राशि दी गई है । इसमें से 55 प्रतिशत राशि केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के लिये नियत की गई है, और उसका पूर्ण ब्योरा नहीं दिखाया गया है । मंत्री महोदय को यह बताना चाहिए कि यह राशि कहां-कहां और कितनी-कितनी खर्च की जायेगी । मांगों के ब्योरे से पता चलता है कि सामाजिक दृष्टि से विकलांग और पतित लोगों के लिये कल्याण-कार्य पर खर्च की अपेक्षा अधिकारियों के वेतन और भत्ते तथा प्रतिष्ठान पर बहुत अधिक रकम खर्च की जायेगी । क्या मंत्री महोदय यह बतायेंगे कि इस विभाग के लिये जितनी राशि मांगी गई है उसमें से कितनी वास्तव में इन लोगों के उत्थान और लाभ के लिये खर्च की जायेगी। यह विभाग तो डाकखाने का काम करता है । सरकार से रुपये लेकर गैर-सरकारी संगठनों को बाट देता है,

जो संगठन राशि को अपनी इच्छानुसार खर्च करते हैं। समझ में नहीं आता सरकार स्वयं कल्याण कार्य क्यों नहीं करती ?

जहां तक अनुसूचित जातियां और आदिम जातियों के उद्धार का प्रश्न है, उनकी स्थिति तभी सुधरेगी जबकि उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। इन लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये आवश्यक है कि उनके घरेलू उद्योगों में विकास और सुधार किया जाये। इसके लिए सरकार को उन्हें आर्थिक सहायता भी देनी चाहिए। खेतीहर भूमिहीन मजदूरों को भूमि दी जाये। जो छोटे किसान हैं उन्हें आर्थिक सहायता दी जाये जिससे वे बैल, औजार, खाद, बीज, लिफ्ट सिंचाई के लिये मशीन आदि खरीद सकें। ऐसी सहायता देने की वर्तमान व्यवस्था संतोष-जनक नहीं है। जरूरतमन्द लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध नहीं होती। यंत्रीकरण से जो लोग बेरोजगार हो गये हैं उन्हें बिजली के करघों के लाइसेंस दिये जाने चाहिए तथा उन्हें अन्य रोजगार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। सरकार विस्थापितों को काम धन्धे के मामले में अधिक सुविधाएं देती है। उतनी ही सुविधाएं सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों को दी जानी चाहिए। अनुसूचित लोगों को शिक्षा सम्बन्धी सुविधाएं भी अधिक दी जानी चाहिए। कीमतों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जाति के लोगों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की दर तथा संख्या बढ़ाई जाये।

डा० शि० कु० साहा (वीरभूम) : सभापति महोदय, मैं समाज कल्याण विभाग की मांगों का समर्थन करता हूं। पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिये यह विभाग बना है। भारत में 5 करोड़ 60 लाख अनुसूचित जाति के लोग हैं। उनके पास भूमि नहीं है, रहने को मकान नहीं है। वे अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रहते हैं। उन्हें अच्छा भोजन नहीं मिलता। उनकी शिक्षा का उचित प्रबन्ध नहीं है। इसलिए यह सरकार का परम कर्त्तव्य है कि वह सामाजिक, आर्थिक और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी दशा सुधारे और उन्हें समाज के अन्य लोगों के समकक्ष लाये। शिक्षा के मामले में मेरा यह सुझाव है कि इन लोगों को माध्यमिक तथा उच्चतर स्तर की शिक्षा निशुल्क दी जाये। एक अन्य सामाजिक रोग है जिससे ये लोग ग्रस्त हैं। वह है छुआ-छूत का रोग यद्यपि छुआ-छूत निवारण अधिनियम के द्वारा इसे अपराध घोषित किया गया है फिर भी व्यवहार में छुआ-छूत ज्यों की त्यों बनी हुई है। गावों में अभी भी हरिजनों को कुओं पर नहीं चढ़ने दिया जाता। इन लोगों को घरेलू और कुटीर उद्योग शुरू करने के लिये आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। उन्हें विकास और उन्नति के अवसर दिये जाने चाहिए। सरकार को उन्हें सब प्रकार की सुविधाएं देनी चाहिए जिससे वे अपनी दशा सुधार सकें।

श्री मुत्तु गोडर (तिरुपत्तूर) : सभापति महोदय, हमारे देश में जाति प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। मनु शास्त्र में चार जातियां बताई गई है—ब्राह्मण, वैश्य, क्षत्री और शूद्र। यदि हम जाति प्रथा को समाप्त करना चाहते हैं तो हमें उन कारणों को समूल नष्ट करना होगा जो जाति-प्रथा को बढ़ावा देते हैं। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के अतिरिक्त अनेक जातियां ऐसी हैं जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़ी हुई हैं। आदिम जातियां

भौगोलिक दृष्टि से किसी एक स्थान पर नहीं रहती बल्कि वे सब स्थानों पर बिखरी हुई हैं। उनके सुधार करने में सबसे बड़ी बाधा है अंधविश्वास जो उन लोगों में व्याप्त है। यदि कोई व्यक्ति उन्हें अपनी वर्तमान दशा सुधारने के लिये आर्थिक सहायता देता है, तो वे उस राशि को तथा उतनी ही राशि उधार लेकर किसी मन्दिर में चले जाते हैं, वहां से हुण्डी ले आते हैं। इस सम्बन्ध में मैं ऋणदाताओं से अनुरोध करूंगा कि वे इस प्रकार से उनकी हजामत न बनायें। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें शिक्षा दी जाये तथा समझाकर उनका अंधविश्वास दूर किया जाये। उन्हें धर्म और अन्धविश्वास का अन्तर समझाया जाये। यदि हरिजनों और आदिम जातियों को सुधारना है तो उनके धर्म से अन्धविश्वास को दूर किया जाये इसके लिये और कोई चारा नहीं है। अस्पृश्यता का रोग न केवल तथाकथित ऊंचे लोगों और अनुसूचित जातियों में व्याप्त है बल्कि यह तो स्वयं हरिजनों में उससे भी अधिक व्याप्त है। एक हरिजन मोची को छूना पसन्द नहीं करता। अस्पृश्यता के रोग को शिक्षा के प्रसार द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है। पहाड़ी क्षेत्रों में मजदूर संघों की स्थापना की अत्यधिक आवश्यकता है। पहाड़ी क्षेत्रों के 50 प्रतिशत लोग वन ठेकेदारों के यहां मजदूरी करते हैं। वन ठेकेदार उनका शोषण करते हैं। उन्हें $1\frac{1}{2}$ रुपये से 2 रुपये तक की दैनिक मजदूरी दी जाती है। अतः पहाड़ी क्षेत्रों में इन लोगों के मजदूर संघ बनाये जायें, जिससे उन लोगों की दशा सुधर सके, जो वन ठेकेदारों के अधीन मजूरी करते हैं।

समाज कल्याण विभाग की अनुदानों की मांगों पर निम्नलिखित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये।

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
97	9	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लिए लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली के प्रशासनिक ढांचे में आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता।	100 रुपये
97	10	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लिये लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली से संलग्न छात्रावास में खान-पान व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता।	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
97	11	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लिए लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली से संलग्न छात्रावास में भोजन-व्यय में कमी करने और छात्रों को दिए जाने वाले भोजन को और उत्तम बनाने की आवश्यकता ।	100 रुपये
97	12	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लिए लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली के कर्मचारियों की शिकायतों पर ध्यान देने की आवश्यकता ।	100 रुपये
97	13	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लिये लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली के कर्मचारियों के प्रति अधिकारियों का बर्ताव ।	100 रुपये
97	14	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली, से संलग्न क्वार्टरों की मरम्मत करने की आवश्यकता ।	100 रुपये
97	15	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली, से संलग्न क्वार्टरों को अलाट करने में अनियमितताएं तथा पक्षपात ।	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
97	16	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली, के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को समय पर ठंडी तथा गर्म वर्दियां न देना।	100 रुपये
97	17	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली, के अस्थायी कर्मचारियों को 10–15 वर्ष से अधिक की सेवा के बाद भी उन्हें स्थायी न बनाना।	100 रुपये
97	18	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली, की बसों की अवस्था में सुधार करने और नई बसें देने में असफलता।	100 रुपये
97	19	श्री रामावतार शास्त्री	कार्य के सामान्य घंटों के अतिरिक्त कार्य करने वाले चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को समयोपरि भत्ता न देना।	100 रुपये
97	20	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के कार्य के घंटे निश्चित न	100 रुपये

मांग संख्या	कटौती प्रस्ताव संख्या	प्रस्तावक का नाम	कटौती का आधार	कटौती की राशि
1	2	3	4	5
			करना ताकि उन्हीं व्यक्तियों को प्रातः तथा सायं की दोनों पालियों में न लगाया जाना ।	
97	21	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली, में कुप्रशासन तथा अनियमितताएं ।	100 रुपये
97	22	श्री रामावतार शास्त्री	बधिर तथा मूक व्यक्तियों के लेडी नोएस सरकारी विद्यालय, दिल्ली, में वरीयता के अनुसार पदोन्नति करने की आवश्यकता ।	100 रुपये

सभापति महोदय : ये कटौती प्रस्ताव सभा के समक्ष हैं ।

Shri Z. M. Kahandole (Malegaon) : Mr. Chairman, I support the Demands of the Ministry of Social Walfare. But at the same time I would like to draw the attention of the Hon. Minister towards the problems of the Scheduled Tribes with special reference to the conditions of the adivasis of Maharashtra. We, the adivasies, mostly live in jungles and since there are very few roads in our areas, we have hardly any contacts with the cities. The absence of the means of transport not only affects our economic condition, but due to this lack of transport facility we have to face many difficulties in getting education and medical help. There is no arrangement of the treatment of the patients and people have to lose their lives due to minor ailments. So it is essential that there should be many good roads in that area.

So far as the question of the education of the children of adivasis is concerned, education is being imparted to them by certain Voluntary Organisations and no doubt some organisations are doing good work, but that is not much. The Government should pay special attention towards this.

The Government has done good work for the progress of the adivasis through their block development plans. They have given first priority to agriculture and as a result thereof wells have been dug in those villages, where there were no wells. It has given new life to the adivasis. The block development plans are being implemented through the Zila Parishads. The Zila

Parishads are doing good work. So I request the Hon. Minister to give more money to the Zila Parishads, so that they are enabled to excute their work more efficiently.

In the Scheduled areas after the population of 30,000 one health centre has been provided. Though the building of the Health Centre is constructed at the cost of one and a half lakhs of rupees, the yearly cost of the medicines given to that Centre comes to Rs. 1200 only. So there is acute shortage of medicines in the health Centres set up for adivasis. I request that more funds should be provided for medicines.

The hilly tribes have an unsparable connection with the forest. It is unfortunate that our forests are decaying and where before 20 or 25 years, there used to be thick forest, hardly few trees are seen now. So I request the schemes of afforestation should be started on large scale for the welfare and benefit of hilly tribes.

The people of the hilly tribes are most backward in the country. They are more backward than the Harijans even, because the Harijans are organised and politically well awake. So I request that Government should pay especial attention for the welfare of hilly Tribes.

Shri Shiv Charan Lal (Firozabad) : It is most unfortunate that the condition of the Harijans is the same as it was twenty years before. The Department of Social Welfare has totally failed in bringing the slightest change in their lives. Their condition is same--They are facing unemployment, they are facing hunger, they are facing humiliation and they are subjected to lathies and bullets. They are unprotected and uncared for. The Government has totally failed in giving protection to the Harijans. In fact it is because of the apathy of the Government towards the Harijans and their inaction to take any step against those who committed atrocities on Harijans that those people committed atrocities on them. Whether it is a question of providing land or drinking water or housing or schooling or any other facility, the Government had done very little for them. Posts are reserved for them in Government services but are not filled. I am giving you a few example from which it will be clear that the Harijans are living under most inhuman conditions.

On 26th February, 1968 in the village Banithari, Tehsil Shikandrabad, Distt. Bulandshahr of U. P. a 14 year old Harijan boy was brutally murdered by a powerful group of Brahmins. The minority community i. e. Harijans were not allowed even to lodge a complaint in the Police Station and upto 11th March, this case was not registered by Police.

In another case Thakur Lal Singh of Hathirwa village in Ghatampur area threw two Harijan children into a well and thus ended their lives. The fault of the poor children was that they dared to sit on the Thakur's cot.

In Andhra Pradesh a Harijan boy was burnt to death, only because he touched the utencils of a Caste Hindu. In another case in Andhra Pradesh some Harijan women were compelled to parade naked, because they voted for the candidate of their choice. There are many other examples to show that atrocities are being committed to Harijans. They are being subjected to humiliation. I charge that Government is responsible for all these atrocities, because no effective action is taken against the culprits. The Government has totally failed in protecting the lives and honour of the Harijans.

I want to draw the attention of the House to a news-item published in the Patriot of 24th April, 1968 in which it has been reported that a Minister of Andhra Pradesh has said

that Harijans deserve to be kicked. I demand that that minister must be dismissed forthwith. It is a test of the Government's sincerity.

I appeal to the Government that steps should be taken for the welfare of the Harijans. Untouchability should be eradicated. If that is not done there will be a large scale conversion. Our Harijan brothers require our sympathy. The Department of Social Welfare must take initiative in this regard. My submission is that either the department should really do something for the welfare of Harijans and other down-trodden or it should be scrapped.

श्री रा० धो० भण्डारे (बम्बई-मध्य) : समाज-कल्याण विभाग के विभिन्न कार्यकलापों का उल्लेख करते हुए माननीय सदस्यों ने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों की दर्द भरी कहानियां सुनाई हैं। माननीय सदस्यों ने जो कहानियां सुनाई हैं, वे अधूरी कहानियां हैं। मैं आपके सामने कुछ तथ्य रखना चाहता हूं। हमें यह देखना है कि यह विभाग करता क्या है ? विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका के अनुसार इस विभाग का कार्य समाज के पिछड़े हुए वर्गों का उत्थान करना तथा उन्हें समाज के दूसरे वर्गों के समान लाना है। इस विभाग का कहना है कि संविधान की प्रस्तावना में हर व्यक्ति के लिए सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक न्याय, समता एवं समान अवसरों के उपलब्ध करने का उल्लेख किया गया है तथा इसलिए इस विभाग ने समाज के कमजोर वर्गों को अन्य वर्गों के बराबर लाने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लिया है। इस विभाग का यह भी कहना है कि यह संविधान के निदेशक सिद्धान्तों को क्रियान्वित करना चाहता है। मैं समझता हूं कि सभा में शिक्षा के महत्व का उल्लेख करने की मुझे आवश्यकता नहीं है, क्योंकि शिक्षा के बारे में स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि शिक्षा मनुष्य पर "निवेश" है। यह भी कहा गया था कि शिक्षा मनुष्य का सभ्य और सुसंस्कृत बनाने का एक साधन है। किन्तु वास्तव में सरकार पिछले दो वर्षों से छात्रवृत्तियों की संख्या कम करती जा रही है और इस प्रकार मानव शिक्षा पर खर्च होने वाले धन में कमी कर रही है।

समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान का जो कार्यक्रम है, उसके सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि मेरी समझ में यह नहीं आता कि समाज कल्याण के इस कार्यक्रम को समाज के उस वर्ग पर लागू क्यों नहीं किया जाता जिसने बुद्ध धर्म अंगीकार कर लिया है। जब कभी मैं इस प्रश्न को उठाता हूं तो सामान्यरूप से जनता तथा विशेषरूप से सरकार मेरी बात को नहीं समझती है। मैं किसी ऐसी चीज की मांग नहीं कर रहा हूं जिसकी व्यवस्था संविधान में नहीं है, बल्कि सरकार का यह संवैधानिक दायित्व है कि वह बुद्ध धर्मावलम्बियों को छात्रवृत्ति और निशुल्क शिक्षा आदि की शैक्षणिक सुविधा प्रदान करे। हमें उन व्यक्तियों की समस्या को समझने के लिए जिन्होंने हाल में बुद्ध धर्म अंगीकार किया है, कुछ प्रश्नों का उत्तर देना होगा। हमें यह देखना होगा कि वे व्यक्ति कौन थे तथा धर्म परिवर्तन से पूर्व उन लोगों का स्तर, स्थिति, आदत आदि क्या थी ? यदि हम इस दृष्टि से इस समस्या को देखते हैं, तो हमें ज्ञात होगा कि उन लोगों का स्तर, स्थिति, आदत इत्यादि अब भी वही है, जो धर्म परिवर्तन से पूर्व थी। उनके धर्म परिवर्तन से उनके स्तर, स्थिति, आदत आदि में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

श्री जेवियर (तिरुनलवेल्लि) : उनके धर्म में परिवर्तन आ गया है ।

श्री रा० ढो० भण्डारे : धर्म में परिवर्तन अवश्य आ गया है, परन्तु इसका भी एक विशेष उद्देश्य है । जिस प्रकार शिक्षा मनुष्य के लिए निवेश है, इसी प्रकार बुद्ध धर्म व्यक्ति के मस्तिष्क को बदलने का एक साधन है । बुद्ध भगवान ने स्वयं कहा है :

सर्व पापस्य अकरणम् कुतलस्य उपसम्पदा ।
सत् चित् परमोदपनम् एतन् बुद्धान सासनम् ।।

बुद्ध धर्म का उद्देश्य प्रजना, शील, करुणा और मैत्री के आधार पर मनुष्य के मस्तिष्क में परिवर्तन लाना है । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि हमने बुद्ध धर्म को इसलिए स्वीकार किया है, ताकि हमारा जीवन सुधर सके, परन्तु खेद है इस बात को नहीं समझा गया है ।

बहरहाल जो कुछ हो, मैं जो यह मांग कर रहा हूं कि बुद्ध धर्मावलम्बियों को अधिक शैक्षिक सुविधायें दी जानी चाहिए, इसका आधार केवल सरकार का नैतिक दायित्व नहीं है, अपितु इसका आधार सरकार का संवैधानिक दायित्व है । जब कभी मैं बौद्धों को समाज कल्याण सम्बन्धी सुविधा देने का प्रश्न उठाता हूं तभी यह तर्क पेश किया जाता है कि हमने हिन्दू धर्म को छोड़ दिया है और हम हिन्दू नहीं हैं । इस सम्बन्ध में मैं आपका ध्यान संविधान के अनुच्छेद 25 (2) के स्पष्टीकरण दो की ओर दिलाना चाहता हूं, जो इस प्रकार है :

"खण्ड (2) के उपखण्ड (ख) में हिन्दुओं के प्रति निर्देश में सिक्ख, जैन या बौद्ध धर्म के मानने वाले व्यक्तियों का भी निर्देश अन्तर्गत है तथा हिन्दू धर्म संस्थाओं के प्रति निर्देश का अर्थ भी तदनुकूल ही किया जायेगा ।"

इससे यह स्पष्ट है कि अनुच्छेद 25 (2) के स्पष्टीकरण के अन्तर्गत सरकार का यह उत्तरदायित्व है कि शैक्षिक सुविधाओं के अन्तर्गत बौद्धों को छात्रवृत्तियां तथा मुफ्त शिक्षा दी जाये, जो अन्य समाज के कमजोर वर्गों को दी जाती है । मैं मांग करता हूं कि मंत्री महोदय इस सम्बन्ध में एक स्पष्ट वक्तव्य दें । महाराष्ट्र सरकार ने सब नये धर्म परवर्तित बौद्धों को यह सुविधा दे दी है । मैं समझता था कि महाराष्ट्र सरकार से केन्द्रीय सरकार अधिक प्रगतिशील है, परन्तु अब मैं अनुभव करता हूं कि महाराष्ट्र सरकार केन्द्रीय सरकार से अधिक प्रगतिशील है । सरकार समाजवाद के सिद्धान्तों की डींग हांकती है, परन्तु समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है । क्या यही उनका समाजवाद है ? अत: मैं मंत्री महोदय से निवेदन करता हूं कि वह आज इस सम्बन्ध में एक स्पष्ट वक्तव्य दें, ताकि बौद्धों को यह विश्वास हो जाये कि उन्हें कुछ शैक्षणिक सुविधायें प्राप्त होंगी तथा हमारी सरकार प्रगतिशील है ।

श्री अ० कु० किस्कु (झाड़ग्राम) : समाज कल्याण की बात करते समय समाज कल्याण का एक आधार होना चाहिए, समाज कल्याण का एक दर्शन होना चाहिए तथा समाज कल्याण को

प्रोत्साहन देने के लिये स्रोत होना चाहिए। हमारे देश का एक दर्शन है। हम गांधीवाद में विश्वास रखते हैं। हमारा समाज समाजवादी ढांचे का समाज है। हमने घोषणा की है कि हमारा राज्य धर्मनिरपेक्ष, असाम्प्रदायिक, समाजवादी और कल्याणकारी राज्य है। हमने हरिजनों की सेवा करने और मानवीय कष्टों को दूर करने के लिये कुछ समाज कल्याण योजनाओं की घोषणा की है। यह एक बहुत सुन्दर दर्शन है और इस सुन्दर दर्शन को कार्यरूप देने के लिये हमने एक बहुत सुन्दर तंत्र की रचना की है। इस सुन्दर कार्यक्रम की क्रियान्विति का कार्यभार एक मंत्री को सौंपा गया है। फिर हमारा एक सुसंतुलित संविधान है, संसद् है और विधान मण्डलें हैं। सरकार का एक बहुत व्यापक तंत्र तथा एक विभाग है, जिसका काम इस सुन्दर कार्यक्रम को क्रियान्वित करना है। इस सारी व्यवस्था के होते हुए भी आज ही हमने सुना है कि एक राज्य के एक मंत्री ने कहा है कि हरिजनों के लात मारो। हमारे यहां इतने अच्छे संविधान और दर्शन के होते हुए भी हमारा अपमान हो रहा है। पिछले कुछ ही दिनों के दौरान हमने समाचार-पत्रों में बहुत सी अप्रिय घटनायें पढ़ी हैं। मैं समझता हूं कि अब समय आ गया है, जब कि हमें इस सारे मामले पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए तथा समाज कल्याण विभाग को यह जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए कि वे इस मामले की गम्भीरता से जांच करें।

ऐसा प्रतीत होता है कि समाज कल्याण विभाग अलग पड़ गया है और मंत्रिमण्डल से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है। सरकार को मिलकर काम करना चाहिए तथा समाज कल्याण विभाग को सारे मंत्रिमण्डल को कल्याणकारी कार्य करने की प्रेरणा देनी चाहिए। समाज कल्याण विभाग को अपना कार्य सरकार के द्वारा ही नहीं अपितु राष्ट्रीयस्तर पर स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चलाना चाहिए ताकि सम्पूर्ण समाज जनता के कष्टों को दूर करने के लिए समाज कल्याण कार्यों में रुचि ले सके। प्रतिवेदन से पता चलता है कि केवल 21 संगठन ही सरकार के साथ सहयोग कर रहे हैं। इससे ज्ञात होता है कि समाज कल्याण विभाग समाज कल्याण कार्यों के लिये सम्पूर्ण राष्ट्र को प्रेरित करने का अपना प्रमुख कर्त्तव्य निभाने में असफल रहा है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त के पद के संवैधानिक अधिकारों और विशेषाधिकारों को कम कर दिया गया है। प्रतिवेदन से प्रतीत होता है कि आयुक्त के प्रादेशिक कार्यालयों को पिछड़े वर्ग कल्याण महानिदेशक को सौंप दिया गया है। इसका अर्थ यह हुआ कि आयुक्त को कार्य करने की कोई छूट नहीं है—आंख होते हुए वह अन्धा है तथा कान होते हुए बहरा है। उसे एक पुलिस के सिपाही के स्तर पर रख दिया गया है और नौकरशाही की प्रणाली में बांध दिया गया है।

कभी-कभी तो ऐसा मालूम होता है कि समाज कल्याण विभाग अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जादियों की उपेक्षा ही नहीं करता, अपितु उनके साथ शत्रुता का व्यवहार करता है। पिछले 20 वर्षों में छात्रों को छात्रवृत्तियां समय पर नहीं दी गई हैं। नौकरियों के लिये पेश किए गये उनके आवेदन पत्रों को दबाया गया है। उनके उन्नति सम्बन्धी रिकार्ड में गड़बड़ी की गई है। गरीब आदिवासियों को महाजनों के शोषण के विरुद्ध कोई संरक्षण नहीं

दिया गया और उनकी जमीनें छीन ली गई हैं। इन सब बातों से सिद्ध होता है कि समाज कल्याण विभाग अपने कार्यों को निभाने में पूर्णतया असफल रहा है।

कल के समाचार-पत्र में पश्चिम बंगाल के बारे में एक बहुत ही दुखद समाचार छपा है। "केयर" तथा अन्य दानशील संस्थायें पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को भोजन देने की योजना बना रहे थे, परन्तु इस योजना को खत्म कर दिया गया है, क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार 45 लाख रुपये देने के लिये तैयार न थी। यद्यपि यह मामला समाज कल्याण विभाग से सीधा सम्बन्धित नहीं है, तथापि इस विभाग को इस मामले को पश्चिम बंगाल सरकार के साथ उठाना चाहिये, ताकि गरीब ग्रामीण बच्चों को भोजन मिल सके।

अनुसूचित आदिम जातीय विकास खण्डों के बारे में बहुत कुछ कहा गया है, परन्तु इनकी गलत क्रियान्विति के कारण आदिम जातीय लोगों में निराशा फैल गई है। बिहार, उड़ीसा और बंगाल में अनुसूचित आदिम जातियों के लोग बहुत हैं। परन्तु राज्यों की सीमा इस तरह से निर्धारित की गई है कि पश्चिम बंगाल के छोटे से भाग में कुछ अनुसूचित आदिम जातियों के थोड़े से लोग बसे हुए हैं। उन अनुसूचित आदिम जातियों के लिये आदिम जातीय विकास खण्डों की कोई व्यवस्था नहीं है, जबकि बिहार और उड़ीसा में इस तरह की व्यवस्था है। यह अन्याय है। आदिम जातियों के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाना चाहिये और इस मामले में भौगोलिक बाधायें दूर रखी जानी चाहिये।

चार्जग्राम में कुछ ही दिन पहले आदिम जातियों के कबीलों में आपसी झगड़ा हुआ है, जिस में लोकारो बस्ती को जला दिया गया और यह पांच दिन चलती रही, परन्तु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy-Speaker in the Chair]

ये कुछ दुखभरी कहानियां हैं, जिनसे पता चलता है कि लोग बड़े दुखी हैं। यह सुनिश्चित करना समाज कल्याण विभाग का कार्य है कि लोगों के साथ न्याय हो।

Shri Kamble (Latur): In Demand No. 97 a provision has been made for Rs. 8,63,000 and in Demand No. 98 a provision has been made for Rs. 4,01,83,000. Thus the total Budget provision of the Department of Social Welfare comes to Rs. 4,20,46,000. The total population in our country of adivasis, Scheduled Castes and Scheduled Tribes is nearly 10 crore. The budget provision for their welfare is only for Rs. 4.20 crores. It means on an average 40 paise per person have been allocated. I think this is next to impossible to improve the condition of these persons with this little allocation. Moreover this allocation also includes office expenditure etc. Problems of Harijans and Adivasis are national problems. Therefore more funds should be allocated for their welfare.

It is a matter of great regret that even 20 years after the independence the problem of Adivasis and Harijans exists in the same magnitude as it was before. While inaugurating the present Session of Parliament the President has referred to this problem in his Address and has

remarked that though Government had been taking keen interest in the social and economic advancement of Scheduled Castes, Scheduled Tribes, and backward classes and some success had been achieved in this regard, yet Government is well aware that much remains yet to be done. So it is evident that this problem is facing us. This is not only a social problem, but it includes the economic, social, educational and political disparities also. We have to solve it and hence I request that more funds should be made available to this Department.

In his Address the President has said that India stands against aparthied and she will support those who are fighting to eradicate this blot on humanity. But it is very shocking that in the international field, we talk of high ideals and aparthied exists in our country itself. It is a matter of great distress that even 20 years after independence the incidents of harassment and maltreatment of Harijans are still happening in our country. One such incident has happened in Bilaspur in Madhya Pradesh State and one in Andhra Pradesh and there are many others. All these incidents prove that our social values are dying. So I appeal that this hatred towards Harijans should be ended. Harijans are not allowed to get drinking water from certain wells and enter certain temples. The Government should give deterrent punishment to those people who harass Harijans and violate the provisions of the untouchability Act.

In the matter of employment Harijan students are treated equally with the students of other advanced communities. The students of other communities enjoy certain facilities while getting education, which are denied to poor Harijan students and hence they are not expected to compete with the students of other communities. So I request that special concessions should be given to the people belonging to Scheduled Castes and Seheduled Tribes in the matter of employment. Since they had to study under great hardships they can not compete with the youngmen belonging to affluent sections of society.

Then I come to the question of Prohibition. Gandhiji's surmon was that there should be prohibition in the country. After independence prohibition was enforced. But it is a matter of great regret that many States have scrapped prohibition. Prohibition should be encouraged.

Then I would like to give some suggestions for the eradication of untouchability. Untouchability can not be removed by law alone, we should prepare mental ground for the same. I suggest that a provision should be made that those who solemnise Inter-caste merriage will be given promotion in services. Thus inter-caste marriages should be encouraged. It will help to remove the caste differences. Secondly people belonging to different sections of society should live in the same colony and there should be no separate colonies for Harijans. In addition to this more educational facilities should be given to Harijans. Certain percentage of seats in Colleges and Hostels should be reserved for scheduled caste people, so that they may live with other communities and mix with them. Harijans have been neglected in Housing Schemes. More Housing facilities should be provided to them.

The Harijans have got no benefit of the Bhudan or Gramdan movement in the country. An investigation should be made as to how many Harijans have got land or houses as a result of this movement. Land should be given to landless Harijans.

Lastly I would like to stress that an annual Progress Report about the facilities provided and achievement made in the matter of providing employment, allotting land and giving educational facilities etc. to Harijans should be prepared. An annual review of our progress is necessary.

श्रीमती सुशीला गोपालन (अम्बलपुजा) : उपाध्यक्ष महोदय, समाज कल्याण विभाग के दो मुख्य कार्य हैं —पिछड़े वर्गों का कल्याण तथा सामान्य समाज कल्याण।

हम स्वतंत्रता के 20 वर्ष बाद इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं। हम सबको मालूम है कि कल के समाचार-पत्रों में आन्ध्रप्रदेश के एक मंत्री द्वारा हरिजनों के बारे में कही गई बात के सम्बन्ध में समाचार प्रकाशित हुआ है। मैं समझती हूं कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि पिछले कुछ महिनों में आन्ध्रप्रदेश में जो कुछ होता रहा है, यह उसकी पराकाष्ठा है। परन्तु हमारे केन्द्रीय मंत्री इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं देते हैं। वहां एक लड़के को मार डाला गया। एक आदमी को जला दिया गया और नंगी औरतों को सड़कों पर चलने को बाध्य किया गया। गृह-मंत्री महोदय ने इन सब बातों का खण्डन किया है। गृह-मंत्री ने राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के आधार पर ऐसा किया है। किन्तु अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त के प्रतिवेदन को पढ़ने के बाद पता चलता है कि हम राज्य सरकार से प्राप्त हुई सूचना पर विश्वास नहीं कर सकते, क्योंकि उक्त प्रतिवेदन में कहा गया है कि तीन या चार मामलों में राज्य सरकार से प्राप्त सूचना झूठी सिद्ध हुई है। इसलिये आन्ध्र-प्रदेश सरकार की सूचना पर विश्वास नहीं किया जा सकता। मंत्री महोदय को स्वयं इस बात की जांच करनी चाहिये कि वहां क्या हो रहा है।

आन्ध-प्रदेश की भांति त्रिपुरा में भी ऐसा ही होता रहा है। त्रिपुरा में आदिवासियों को उस स्थान से निकाल दिया है, जहां उनकी जमीनें थीं। देश के विभिन्न भागों में हरिजनों अथवा पिछड़े वर्गों के लोगों के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार के अनेक मामलों का पता प्रतिवेदन से मिलता है। हरिजन छात्रों को कक्षाओं में अन्य छात्रों के साथ बैठने नहीं दिया जाता। मैसूर अथवा महाराष्ट्र राज्य में एक हरिजन अध्यापिका को मुख्य अध्यापिका द्वारा पीटा गया है। पंचायत बोर्डों में हरिजन सदस्यों को कुर्सी पर नहीं बैठने दिया जाता। सरकार अपनी संस्थाओं के कार्यों के बारे में कड़ी कार्यवाही कर सकती थी, परन्तु उसने ऐसा नहीं किया। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त के प्रतिवेदन में लगभग तीन हजार ऐसी घटनाओं का उल्लेख है, परन्तु इनमें से किसी भी मामले में उचित कार्यवाही नहीं की गई है।

मैं समझती हूं कि संविधान के अन्तर्गत अस्पृश्यता एक हस्तक्षेप अपराध है, परन्तु हरिजनों और आदिवासियों के विरुद्ध जो कुछ किया जाता है, उसे बर्दास्त कर लिया जाता है। जब तक सरकार हरिजनों, आदिवासियों और ऐसे ही लोगों को, जिन्हें सम्पत्ति रखने का अधिकार नहीं है, जमीन नहीं देगी, तब तक इन लोगों का उद्धार नहीं हो सकता। अतः इस दशा में पहल की जानी चाहिये।

अब मैं सामान्य कल्याण के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहती हूं। प्रतिवेदन से पता चलता है कि हमारे देश में लगभग 1 करोड़ लोग अपंग हैं। सरकार इन लोगों के कल्याण पर केवल 15 लाख से 20 लाख रुपये तक खर्च कर रही है। यह बड़े दुख की बात है कि सरकार के पास इन लोगों

के कल्याण पर खर्च करने के लिए अधिक धन नहीं है, जबकि सरकार 5 करोड़ रुपया राजाओं को निजी थैलियों के रूप में दे रही है ।

बहुत से कार्यों के लिये सरकार कोई धन खर्च नहीं कर रही है । अनुसंधान कार्य के लिये भी सरकार कहती है कि वह कोई नई अनुसंधान संस्था नहीं खोल सकती, क्योंकि उसके पास धन नहीं है ।

समाज कल्याण बोर्डों के बारे में मैं कहना चाहती हूं कि मैं अपने राज्य के समाज कल्याण बोर्ड की चार वर्ष तक सदस्या रही हूं तथा मुझे ज्ञात है कि पिछड़े वर्ग के लोगों के लिये समाज कल्याण बोर्ड कुछ नहीं कर रहे हैं । मेरे राज्य में यह बोर्ड समाज के उच्च वर्ग की स्त्रियों की सहायता करता है तथा पिछड़े वर्गों के लिये कुछ नहीं किया जा रहा है । बोर्ड की कार्य-प्रणाली में परिवर्तन किया जाना चाहिये, क्योंकि जब तक इसकी कार्य-प्रणाली में परिवर्तन नहीं किया जाता, तब तक कोई प्रगति संभव नहीं है ।

अन्त में मैं कहना चाहती हूं कि मेरे राज्य केरल से इस आशय के अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि "पेरुवेनान", "बेलन" तथा "पिल्लू" जातियों को—जो कि समाज का बहुत ही कमजोर अंग हैं—अनुसूचित जातियों की सूची में रखा जाय । परन्तु सरकार ने इस सम्बन्ध में अभी तक कुछ नहीं किया है । सरकार को इस मामले पर विचार करना चाहिये ।

Shrimati Ganga Devi (Mohanlalganj) : It is a matter of great shame for Government that Harijan, even after twenty years remain an exploited class. They are subjected to atrocities and inhuman treatment as is evidenced from the incidents in Andhra, Madhya Pradesh etc. This is because of Government's weakness. Only stern steps can halt such behaviour. The most unfortunate fact is when the administration also takes sides with the oppressor.

Many impressive Schemes have been drawn up, reports presented but much headway has not been made towards the welfare of Harijans. Even after the abolition of Zamindari, there remain a large number of landless farmers, agricultural labourers and Harijans in the country. The main difficulty is that the people for whom Schemes are sanctioned and funds are granted, do not get full benefit out of them. Had all the landless persons been given land, agricultural production would have gone up many fold. The Central Government should take up the matter in all seriousness and send officials to undertake field work and ask them to present a true picture of the present situation.

Harijans are discriminated against in Government services and education. The posts reserved for Scheduled Castes/Tribes are not filled in full on one pretext or the other. In services, 8 posts advertised in 1965 by O.N.G. C. have not been filled so far. In the field of education, adequate scholarships are not being granted to these communities and scholarships money is not disbursed to them for years together resulting in suspension of studies by these students due to lack of financial resources. Scholarship Board was formerly under the Centre but now it has been made the responsibility of States. If past practice is revived it would be far better. The amounts of scholarships should also be increased.

The activities of Social Welfare Board are limited only to the better off Sections. Scheduled Castes/Tribes, who are socially backward, should also be included in the activities of the Board.

Harijans are facing acute housing problem. They cannot build houses of their own. The Government should take adequate steps in this direction.

In 1952, the Scheduled Castes and Scheduled Tribes Commissioner had made a recommendation that the grants set apart in each State should be fully utilised but no State Government has seen to it.

Untouchability despite legislation has not been uprooted from the country so far. Stringent measures should be taken to abolish untouchability from the country.

श्री कं० हाल्दर (मथुरापुर) : जहां संविधान में सामाजिक, राजनीतिक तथा आर्थिक न्याय जनता को देने के ऊंचे आदर्श शामिल किये गये हैं और केन्द्र तथा राज्यों में काफी प्रयत्न भी किये गये हैं और कई संस्थाएं तथा कार्यालय यह कार्य करने के लिये खोले गये हैं किन्तु इनमें कुछ उच्च अधिकारी पिछड़ी जातियों को दिये जा रहे संरक्षणों के विरुद्ध हैं। इस स्थिति में इन लोगों से सामाजिक न्याय पाना कठिन है। परिणामस्वरूप आरक्षित पद उपयुक्त व्यक्ति न मिलने के मामूली कारण से सालों साल खाली पड़े रहते हैं।

पश्चिम बंगाल की पिछली संयुक्त मोर्चा सरकार में आदिवासी कल्याण मंत्री ने शिकायत की थी कि उनके विभाग में एक कर्मचारी भी दलित वर्ग का नहीं है।

मेरे पास इन वर्गों के सरकारी कर्मचारियों से अनगिनत शिकायतें आई हैं कि उन्हें यथोचित पदोन्नतियां आदि नहीं दी गईं। कुछ कर्मचारियों की बिना कारण अवनति भी की गई है।

हम अमरीका और दक्षिण अफ्रीका में जातिवाद की भरपूर निन्दा करते हैं किन्तु यहां भी जातीय बर्बरता की घटनायें आम होती जा रही हैं और तो और आंध्र के एक कांग्रेसी मंत्री ने हरिजनों के विरुद्ध बहुत कटु और निन्दनीय शब्दों का प्रयोग किया बताते हैं। ऐसी स्थिति में देश में समाजवादी समाज स्थापित करने की बात करना जनता को धोखा देना है।

बस्तर जो केरल जितना एक आदिवासी क्षेत्र है, किन्तु वहां के लोग खानाबदोशों का जीवन बिता रहे हैं जिनके पास न खाने को पर्याप्त है न पहनने को यद्यपि प्राकृतिक संस्थान वहां प्रचुर मात्रा में हैं। कुछ कारखाने वहां स्थापित हुए थे—सस्ती मजूरी द्वारा उन्हें शोषित करने के लिये और अब छंटनी द्वारा इन्हें निकाला जा रहा है।

भूमिहीनों में भूमि शीघ्र बांटी जानी चाहिये। क्योंकि अधिकांश अनुसूचित जाति व्यक्ति किसान हैं अथवा श्रमिक—अतः यदि उन्हें भूमि मिले और उनकी सेवा शर्तों में सुधार किया जाये तो समस्या काफी हद तक हल हो जाये। परन्तु यदि सरकार ने अपना यह मूल कर्तव्य न निभाया तो लोग आगे बढ़ेंगे और अपनी शक्ति से अपने अधिकार प्राप्त कर लेंगे।

श्री कार्तिक ओराओं (लोहारदगा) : यद्यपि संविधान में उपबन्ध किये गये हैं किन्तु उन्हें ठीक प्रकार से लागू नहीं किया गया । यदि ऐसा होता तो भारत के दलित वर्गों का राष्ट्रीय जीवन में मिल जाना निश्चित था । हाल ही में हरिजनों पर जो अत्याचार हुए हैं वे समाज कल्याण विभाग पर बहुत बड़ा धब्बा हैं । यह शर्म की बात है कि बीस वर्ष के बाद भी हम विवश से लगते हैं ।

हमारा समाज धर्म निर्पेक्षता पर आधारित है किन्तु सरकार ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों में भेदभाव कर करके एक गंदा उदाहरण प्रस्तुत किया है ।

जहां तक भारत की आदिम जातियों का सम्बन्ध है, सरकार का रवैया उनके प्रति बहुत खराब रहा है । लोगों के मन में यह धारणा है कि आदिम जाति के लोगों का अपना कोई धर्म नहीं है । लेकिन उनकी कुछ अपनी प्रथायें और अन्ध-विश्वास हैं जो उनके पारस्परिक धर्मों के अंग हैं ।

मैं कोहिमा के उप आयुक्त, श्री बड़कटकी द्वारा विख्यात मानव विज्ञान वेत्ता, डा० वेरियर एलबिन को लिखे गये एक पत्र का कुछ अंश आपको पढ़कर सुनाता हूं :

"मुझे आदिम जातियों का धर्म परिवर्तन के प्रभावों का नजदीक से अध्ययन करने का मौका मिला है । यह धर्म परिवर्तन एक जीवन क्रम की जड़ों पर प्रहार कर रहा है जो किसी अन्य जीवन व्यवस्था से किसी भी प्रकार कम नहीं है । मेरा विचार है कि पहाड़ी जिलों में विदेशी धर्म प्रचारक मानव जाति के विरुद्ध एक अपराध कर रहे हैं । यदि मुझे अधिकार होता, तो मैं इन विदेशी धर्म प्रचारकों को 24 घंटे में देश से बाहर निकाल देता ।"

छोटा नागपुर में क्या हो रहा है । यहां ईसाइयों का बोलबाला है । आदिवासियों की सरनाह उपासना के स्थानों को शमशान भूमि में बदल दिया गया है । बागीचों के पेड़ों को काटकर गिरजाघर बना दिये गये हैं ।

यदि सरकार को आदिम जातियों के लोगों के कल्याण में दिलचस्पी है तो इस बात का पता लगाया जाय कि आदिम जाति धर्म क्या है । देश के विभिन्न भागों में आदिम जाति के लोग आदिम जाति के धर्मों का अनुसरण कर रहे हैं ।

आदिम जाति के 10 प्रतिशत लोग ईसाई बन गये हैं और वे आदिम जाति के अन्य 90 प्रतिशत लोगों का शोषण कर रहे हैं । वे लोग आदिम जाति के कल्याण के लिये सरकार द्वारा दी गयी अधिकांश रकम का प्रयोग अपने कल्याण के लिये कर लेते हैं ।

दूसरी बात यह है कि कल्याण-कार्यों के मामले में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाना चाहिये । इनकी दो श्रेणियां नहीं होनी चाहिये । एक ही श्रेणी होनी चाहिये । यदि धर्म परिवर्तन का काम इसी गति से चलता रहा, तो समस्त आदिम जाति के लोगों का धर्म-परिवर्तन हो जायेगा और एक बड़ा नागालैंड बन जायेगा । बिना साम्यता लाये हम आदिवासियों की कोई सहायता नहीं कर सकते ।

श्री बेधर बेहरा (जाजपुर) : समाज कल्याण के सम्बन्ध में चर्चा केवल भाषणों तक ही सीमित है और उस पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। यद्यपि इस विभाग का मुख्य उद्देश्य अस्पृश्यता को दूर करना है, परन्तु यह विभाग स्वयं ही अन्य विभागों की दृष्टि से अस्पृश्य बन गया है। सरकार का कोई भी विभाग इस विभाग के निर्देशों तथा आश्वासनों पर अमल नहीं करता। जब से यह विभाग बना है इसे करोड़ों रुपये दिये जा चुके हैं परन्तु जिन लोगों को इससे लाभ पहुंचना चाहिये था, उनके लिये इस विभाग ने कुछ भी नहीं किया। अब तक हरिजनों तथा आदिवासियों के लिये कोई प्रभावी आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सुधार नहीं किया जा सका है। वे पहिले की तरह अब भी अंधकार में पड़े हुए हैं।

अस्पृश्यता जिसका उन्मूलन इस मंत्रालय का मुख्य संवैधानिक कर्त्तव्य है, अब भी जोरों पर है। हरिजन और आदिवासी लोग अब भी अछूत हैं। इन उपेक्षित वर्गों को अब भी समाज विशेषाधिकारों और मन्दिर-प्रवेश, होटलों में सेवा, कुओं का प्रयोग आदि के मामलों में अधिकारों से वंचित रखा जाता है।

ये वर्ग शिक्षा के मामले में काफी पिछड़ रहे हैं। इन वर्गों के अनेक छात्र धन की कमी के कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके हैं और अब वे बेरोजगार हैं। चीन के हमले के बाद, उनको जो वित्तीय सहायता मिलती थी, वह बन्द कर दी गई है। जिन लोगों ने कुछ शिक्षा प्राप्त की है, उन्हें भी समाज में अपने उचित स्थान से वंचित रखा गया है। इस बात का प्रमाण वर्ष 1966-67 के लिये अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति आयुक्त के प्रतिवेदन से मिलता है। केन्द्रीय सरकार के गृह-कार्य विभाग ने अपनी अधिसूचना संख्या 1/4/60 आर० पी० एस० दिनांक 5 मार्च, 1960 में अधिसूचित किया था कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये अखिल भारतीय सेवाओं में क्रमशः $12\frac{1}{2}$ प्रतिशत तथा 5 प्रतिशत पद आरक्षित रखे जायेंगे और इसी आधार पर विभागीय पदोन्नतियों में उनके लिये क्रमशः $16\frac{1}{2}$ प्रतिशत तथा 5 प्रतिशत पद आरक्षित रखे जायेंगे। इस कोटे को विभिन्न कारणों से पूरा नहीं किया जा रहा है। इसका एक कारण यह बताया जाता है कि हरिजन और आदिवासी उम्मीदवार अखिल भारतीय परीक्षाओं में प्रतियोगिता नहीं कर सकते। हरिजनों को अन्य प्रतियोगियों के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने के योग्य बनाने के उद्देश्य से सभी वर्गों के विद्यार्थियों को एकसी शैक्षणिक सुविधायें दी जानी चाहिये।

इन वर्गों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये कुछ नहीं किया गया है। यद्यपि ये वर्ग अधिकांशतया खेती के काम में लगे हुए हैं, तथापि इनमें से अधिकतर भूमिहीन हैं। यह पता लगा लिया गया है कि राज्यों में कितनी भूमि फालतू है परन्तु इस भूमि का अभी तक वितरण नहीं किया गया है। उन आदिवासी लोगों को जिन्हें दण्डकारण्य में पुनः बसाने की योजना के लिए बेदखल किया गया था अभी तक पुनः नहीं बसाया गया है। स्थानीय आदिवासी लोगों को वे लाभ नहीं दिये गये हैं जो विस्थापित लोगों को दिये गये हैं।

हरिजनों और आदिवासियों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये कुछ कागजी योजनायें

बनाई गई थीं । लेकिन उनकी स्थिति में किसी तरह के सुधार के बजाय उनकी वास्तविक आय कम हो गई है । औद्योगिक रोजगार में उनकी उपेक्षा की गई है और उन्हें पहले की तरह खेतिहर मजदूरों के तौर पर काम करने के लिये वाध्य किया गया है । उन्हें जमीन नहीं दी गई है ।

Kumari Kamala Kumari (Palamau) : The condition of Scheduled Castes and Scheduled Tribes has not improved during the last 20 years after independence. On the contrary, it has worsened. Atrocities committed on the Harijans in the recent past bear sufficient testimony to it.

No doubt, Government has spent money to improve the condition of these backward classes but the amount has not been properly utilised. Its results have been very discouraging.

The students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes face great difficulty in securing admission in educational institutions. The provision for reservation of seats for students in educational institutions is simply on paper.

The land, which has been allotted to Harijans, is waste. Those people have not been given fertile land.

In spite of constitutional provisions, untouchability is still rampant. It is very difficult for the Harijans to go to courts to get their grievances redressed. The provisions of existing law relating to removal of untouchability are not being enforced. When Harijans seek police protection, the police does not provide them any help but on the contrary harass them.

The condition of women of Scheduled Castes and Scheduled Tribes is very pitiable. They find it very difficult to get employment.

People belonging to scheduled castes, who are in Government service, are harassed. An educated young person, who was a Class IV employee in Delhi, has been retrenched and another junior person has been employed in his place and promoted.

A Committee should be appointed to make an assessment of the condition of people belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. The assurances given for improving their condition have no value unless they are fulfilled.

Shri Onkar Lal Berwa (Kota): There should be a separate Ministry for Social Welfare. The Department of Social Welfare has not been given due importance. This department is often attached with various Ministries.

A portrait of late Dr. B. R. Ambedkar ; framer of our Constitution, should be installed in Central Hall.

The condition of Harijans and Adivasis is pitiable. The socalled reservation in services for them is simply on paper. They are not recruited to Class I, II and III services. They are only recruited in Class IV services because Hindus of higher castes do not like these services.

People belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes have been compelled to embrace Christianity due to their poverty. Government should pay attention to it.

The stipend being paid to students of Scheduled Castes and Scheduled Tribes is not adequate in these days of high cost of living. The amount of stipend should be increased. Moreover, the non-availability of stipend forms in time also causes delay in the payment of stipends.

Harijans even do not get drinking water. At several places, these Harijans drink that water which is meant for animals. Government should pay adequate attention to it. Better educational facilities should be provided for the people belonging to these castes. Reservation should be made for them not only in the matter of recruitment but for promotion to higher posts also. These people should be given land. They should also be allotted houses. Concrete steps should be taken for improving their condition.

Shri Sunder Lal (Bastar) : The manner in which money is being spent by Government is defective. Therefore, the backward classes have not derived any advantage from it.

There are 12 lakh Adivasis in Bastar. Their condition is very petiable. The Central Government or State Government have never paid any attention to it. In Bastar, there is several thousand acres of land. But the Central Government and the State Governments have not taken any action to allot this land to Adivasis. The request of Adivasis in this regard has always been turned down. On the other hand, Government is paying attention to refugees.

Employment opportunities should be provided for educated Adivasis. Posts of teachers in local schools should be reserved for them. Electricity should be provided for Adivasis in rural areas. Means of communications should be improved there.

Adivasis are being converted to Christianity. These are very poor peeple. They are willing for conversion for a meagre amount of five rupees. Government should take action to stop this conversion.

Shri Ramji Ram (Akbarpur) : The amount of demands for grants for this Ministry is not adequate. This should have been four times. The condition of Scheduled Castes and Scheduled Tribes has not improved at all during the last 20 years. Police and other Government departments do not afford any protection to them. Their land is also not entered in Government records. The money allocated for Social Welfare is inadequate. The budget allocation should be four times than at present for Social Welfare. Land should be given to the people belonging to Seheduled Castes. They should be given houses also. Employment opportunities should also be provided for them.

A sweeper should get at least Rs. 300/- per month as salary so that Non-harijans may also have a liking for this profession. The amount of scholarship being paid to students of Scheduled Castes is inadequate. It should be increased. People residing in jhuggis and jhopries should not be indiscriminately uprooted. They are thrown away at a distance of 15-20 miles from the city. If you are really interested in their welfare and uplift, they should be provided accommodation in urban areas so that employment and other facilities may be provided for them.

Government is laying stress on family planning. Efforts should be made to stop child marriages in backward classes. Better educational facilities should be provided for the students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. At present they face great difficulty in securing admission in educational institutions.

The Coaching Institute at Allahabad for Scheduled Castes and Scheduled Tribes is not working properly. The working of this Institute should be looked into.

Seats should be reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes for Rajya Sabha and Legislative Councils. Posts should be reserved for them in Army and Police also.

Concrete steps should be taken to improve the condition of people belonging to Scheduled Castes.

The Minister of Planning, Petroleum and Chemicals and Social Welfare (Shri Asoka Mehta): The case of Scheduled Castes and Scheduled Tribes has been very well pleaded. Government would do its best to improve their condition.

Many members have remarked that the money allocated for Social Welfare has not been properly utilised. A sum of Rs. 20 crores would be spent this year for the welfare of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. About 15 crore rupees would be spent by the Centre and about 5 crore rupees by States.

As far as Scheduled Castes are concerned, 45 percent of the budget expenditure by States and 90 per cent of the budget expenditure by Centre would be spent on their education. 40 per cent and 15 per cent amount of the States budget allocations would be spent on economic development and other schemes respectively. Centre would spend its whole amount on education.

The figures regarding Scheduled Tribes are as follows : In States 60 per cent expenditure on education and 30 per cent expenditure on economic development, while the Centre would spend 17 per cent on education and 80 per cent on economic development.

6 lakh students of Scheduled Castes and Scheduled Tribes are getting scholarships upto Matric and 1,32,000 students of these castes would be given scholarship during the current year after Matric. It is a drastic step and we have deliberately selected this area because this change can be brought about soon through the medium of education.

In tribal development blocks also, such efforts are being made. There ara 489 tribal development blocks. We want to establish more development blocks. But due to lack of resources, we have not been able to make progress in this direction. We are anxious to make progress in this field also.

The Fourth Five Year Plan is being discussed and it is being prepared. It has been appreciated in it that the funds to be allocated for agricultural and economic sectors are properly apportioned for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

We are also actively considering the question of employment and promotion. The Home Minister is personally paying attention to it. He and his colleague will soon bring a motion under which this matter will be thoroughly looked into and the existing unsatisfactory State of affairs would also be set right in due course. We would try our best to improve the situation regarding employment and promotion.

The incident at Mahboobnagar is being repeatedly referred that some women belonging to Scheduled Castes have been paraded in the streets quite rude. There is no basis of it. No

incident of this type has taken place. I agree that unpleasant incidents are taking place. But we should not repeat such incidents which have no basis. It unnecessarily leads to discontent.

Government is fully alive to this situation and to the importance of our present problem. Government would do everything to remove these blots on our civilised life.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी कटौती प्रस्ताव मतदान के लिये रखे गये तथा अस्वीकृत हुए

All the Cut Motions were put and negatived

अध्यक्ष महोदय द्वारा समाज कल्याण विभाग की निम्नलिखित मांगे मतदान के लिये रखी गईं तथा स्वीकृत हुईं

The following Demands in respect of Department of Social Welfare were put and adopted

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
97	समाज कल्याण विभाग	15,51,000
98	समाज कल्याण विभाग का अन्य राजस्व व्यय	3,34,86,000

अध्यक्ष महोदय द्वारा वित्त मंत्रालय, स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्रालय, विधि मंत्रालय, संसद्-कार्य विभाग, योजना आयोग, लोक सभा, राज्य सभा और उपराष्ट्रपति के सचिवालय की निम्नलिखित मांगें मतदान के लिये रखी गईं तथा स्वीकृत हुईं

The following Demands in respect of Ministry of Finance, Ministry of Health, Family Planning and Urban Development, Ministry of Law, Department of Parliamentary Affairs, Planning Commission, Lok Sabha, Rajya Sabha and Secretariat of Vice President were put and adopted

वित्त मंत्रालय

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
15	वित्त मंत्रालय	2,32,18,000
16	सीमा शुल्क	5,76,67,000
17	केन्द्रीय उत्पादन शुल्क	13,48,24,000
18	निगम कर आदि सहित आय सम्बन्धी कर	10,78,97,000
19	स्टाम्प	4,48,56,000

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
20	लेखा परीक्षा	18,79,17,000
21	मुद्रा और सिक्का ढलाई	12,69,82,000
22	टकसाल	3,29,54,000
23	कोलार की सोने की खानें	4,54,68,000
24	पेंशनों और सेवा निवृत्त लाभ	4,97,26,000
25	अफीम	85,00,000
26	वित्त मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	34,04,16,000
27	राज्यों और संघीय राज्य क्षेत्रों की सरकारों को सहायक अनुदान	2,79,82,39,000
28	केन्द्रीय तथा राज्यों और संघीय राज्य क्षेत्रों की सरकारों के बीच विधि समायोजन	23,50,000
29	विभाजन पूर्व की अदायगियां	2,21,000
106	इंडिया सिक्योरिटी प्रेस पर पूंजी परिव्यय	39,37,000
107	मुद्रा और सिक्का ढलाई पर पूंजी परिव्यय	16,32,95,000
108	टकसालों पर पूंजी परिव्यय	65,73,000
109	कोलार की सोने की खानों पर पूंजी परिव्यय	95,22,000
110	पेंशनों का राशिकृत मूल्य	4,00,41,000
111	वित्त मन्त्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय	2,20,83,000
112	विकास के लिये राज्य सरकारों को दिये जाने वाले अनुदानों पर पूंजी परिव्यय	43,13,19,000
113	केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये जाने वाले ऋण और अग्रिम	4,02,67,86,000

स्वास्थ्य, परिवार नियोजन तथा नगरीय विकास मंत्रालय

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
35	स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और नगर विकास मंत्रालय	34,12,000

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
36	चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य	19,20,68,000
37	स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और नगर विकास मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय	82,35,000
116	स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और नगर विकास मंत्रालय का पूंजी परिव्यय	13,17,12,000

विधि मंत्रालय

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
68	विधि मंत्रालय	57,38,000
69	विधि मन्त्रालय का अन्य राजस्य व्यय	1,36,08,000

संसद्-कार्य विभाग

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
96	संसद् कार्य विभाग	5,51,000

योजना आयोग

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
99	योजना आयोग	1,32,49,000

लोक सभा, राज्य सभा और उपराष्ट्रपति का सचिवालय

मांग संख्या	शीर्षक	राशि
		रुपये
100	लोक सभा	1,29,55,000
101	राज्य सभा	49,01,000
102	उपराष्ट्रपति का सचिवालय	2,44,000

विनियोग (संख्या 2) विधेयक
APPROPRIATION (No. 2) BILL

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) मैं प्रस्ताव करता हूं कि वित्तीय वर्ष 1968-69 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कुछ राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1968-69 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कुछ राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक को पेश करने की अनुमति दी जाय ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted

श्री मोरारजी देसाई : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

विनियोग (संख्या 2) विधेयक
APPROPRIATION (No.2) BILL

उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि वित्तीय वर्ष 1968-69 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कुछ राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाय ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1968-69 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कुछ राशियों के भुगतान तथा विनियोग का अधिकार देने वाले विधेयक पर विचार किया जाय

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted

अध्यक्ष महोदय : अब हम विधेयक पर खण्डवार विचार करेंगे । प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 और 3 तथा अनुबंध सहित अनुसूची विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted

खण्ड 2 और 3 तथा अनुबन्ध सहित अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई
Clauses 2 and 3 and the Schedule with Annexure were added to the Bill

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बनें ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये

Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill

श्री मोरारजी देसाई : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाय ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाय ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

इसके पश्चात् लोक-सभा शुक्रवार, 26 अप्रैल, 1968/6 वैशाख, 1890 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, April, 26, 1968/Vaisakha 6, 1890 (Saka).

Tej Kumar Press, Lucknow—22-11-68—600.

P.L.S. 48. XVI. 50. 68. (N)
600

© 1968 प्रतिलिप्यधिकार लोक-सभा सचिवालय को प्राप्त ।

लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन सम्बन्धी नियमों (पांचवां संस्करण)
के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और
व्यवस्थापक, तेज कुमार प्रेस, लखनऊ द्वारा मुद्रित ।

© 1968 By the Lok Sabha Secretariat

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and
Conduct of Business in Lok Sabha (Fifth Edition) and
Printed By the Manager, Tej Kumar Press, Lucknow.